वर्ष : 34 | अंक : 255 | मुंबई, शनिवार, 22 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## सामाजिक सुरक्षा पर संहिता, 2020

कर्मचारी राज्य बीमा यानी ईएसआईसी अब अखिल भारतीय स्तर पर लागू होगा। 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठान नियोक्ता और कर्मचारियों की आपसी सहमति से स्वेच्छा से इसमें शामिल हो सकते हैं। खतरनाक व्यवसायों के लिए कवरेज अनिवार्य होगा और इसे बागान श्रमिकों तक बढ़ाया जाएगा। वहीं, कर्मचारी भविष्य निधि यानी ईपीएफ जांच और वसूली कार्यवाही शुरू करने के लिए 5 साल की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसे दो साल के भीतर पूरा करना होगा। मामलों को स्वतः संज्ञान से फिर से खोलने को समाप्त कर दिया गया है, जिससे समय पर समाधान सुनिश्चित होता है। ईपीएफओ के आदेशों के विरुद्ध अपील करने वाले नियोक्ताओं को अब आकलन की गई राशि का केवल 25% जमा करना होगा। असंगठित, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए जीवन, विकलांगता, स्वास्थ्य और वृद्धावस्था लाभों को कवर करने वाली योजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक फंड प्रस्तावित की गई है। कवरेज को मातृ दादा-दादी तक बढ़ाया गया है और महिला कर्मचारियों के मामले में इसमें आश्रित सास-ससुर भी शामिल हैं, जिससे पारिवारिक लाभों तक पहुंच व्यापक होती है। घर और कार्यस्थल के बीच यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को अब रोजगार-संबंधित माना जाता है, जो मुआवजे के लिए योग्य बनाती हैं।

## मजदूरी संहिता 2019

- यह संहिता संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी का एक वैधानिक अधिकार स्थापित करती है। पहले, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम केवल अनुसूचित रोजगारों पर लागू होता था, जिसमें लगभग 30% श्रमिक ही शामिल थे।
- न्यूनतम जीवन स्तर के आधार पर सरकार द्वारा एक वैधानिक फ्लोर वेज निर्धारित किया जाएगा। कोई भी राज्य इस स्तर से कम न्यूनतम मजदूरी तय नहीं कर सकता है।
- कंपनी समान कार्य के लिए भर्ती, मजदूरी और रोजगार की शर्तों में लिंग (इसमें ट्रांसजेंडर पहचान शामिल है) के आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे।
- समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और अनाधिकृत कटौतियों को रोकने वाले प्रावधान सभी कर्मचारियों पर लागू होंगे।
- नियोक्ता को नियमित कामकाजी घंटों से अधिक किए गए किसी भी काम के लिए सभी कर्मचारियों को सामान्य दर से कम से कम दोगुना ओवरटाइम मजदूरी का भुगतान करना होगा।

# गुड फ्राइडे



**एजेंसी | नई दिल्ली**

शुक्रवार का दिन देश के करोड़ों मजदूरों, श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। केंद्र की मोदी सरकार ने शुक्रवार से देश में चार नए लेबर कोड को तुरंत प्रभाव से लागू करने की बड़ी घोषणा की है। अब चार नए संहिता- मजदूरी संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता-2020 हैं।

- देश में श्रम कानून की जगह 4 नए लेबर-कोड लागू
- अब सभी श्रमिकों को नौकरी शुरू करने के समय नियुक्ति पत्र देना होगा अनिवार्य
- देशभर में लागू होगा न्यूनतम वेतन

- ओवरटाइम पर दोगुना पेमेंट और एक साल में ग्रेच्युटी
- फ्री हेल्थ चेकअप समेत मजदूरों को मिलीं कई गारंटियां

## औद्योगिक संबंध संहिता, 2020

इस संहिता के तहत निश्चित अवधि के रोजगार में एक वर्ष के बाद ग्रेच्युटी की पात्रता होगी। अब तक 5 साल की अवधि पर ही ग्रेच्युटी की पात्रता थी। वहीं, छंटनी किए गए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए अलग से एक फंड तैयार किया जाएगा। यह राशि छंटनी के 45 दिनों के भीतर श्रमिक के खाते में जमा कर दी जाएगी। वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम का प्रावधान भी है। यह पारस्परिक सहमति से सर्विस सेक्टर में अनुमति दी गई है।

## कामकाजी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा शर्तें संहिता 2020

सरकार इस संहिता के प्रावधानों को एक भी कर्मचारी वाले किसी भी प्रतिष्ठान तक बढ़ा सकती है, बशर्ते वह प्रतिष्ठान खतरनाक या जीवन-घातक व्यवसायों में लगा हो। प्रतिष्ठानों के लिए एक लाइसेंस, एक पंजीकरण और एक रिटर्न का ढांचा पेश किया गया है, जिससे अनावश्यकता और अनुपालन का बोझ कम होता है। वहीं, राज्य प्रवासी श्रमिकों की परिभाषा में अब वे श्रमिक शामिल हैं जो सीधे, ठेकेदारों के माध्यम से नियोजित हैं, या अपने आप प्रवास करते हैं। कर्मचारियों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। महिलाएं सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों में और रात के घंटों (सुबह 6 बजे से पहले, शाम 7 बजे के बाद) में सहमति और सुरक्षा उपायों के साथ काम कर सकती हैं। सामान्य कार्य के घंटे 8 घंटे/दिन और 48 घंटे/सप्ताह तक सीमित हैं। ओवरटाइम की अनुमति श्रमिक की सहमति से दी जाएगी और इसका भुगतान दोगुना किया जाएगा।

## पोर्टफोलियो पॉलिटिक्स : नई सरकार में 'सम्राट' के जरिए बीजेपी का 'स्मार्ट मूव'

# 20 साल बाद बिहार में बदला सत्ता का पावर सेंटर

- नीतीश अब सिर्फ प्रशासनिक चेहरा
- बीजेपी के सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी



**एजेंसी | पटना**

बिहार की नई एनडीए सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद सबसे बड़ी सुर्खी जिसने पूरे राज्य में हलचल मचा दी, वह है डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय की कमान मिलना। यह पहली बार है जब बीजेपी को बिहार में इतना ताकतवर मंत्रालय मिला है। नीतीश कुमार, जो दो दशकों से इस विभाग को खुद संभालते रहे, उन्होंने इस बार इसे अपने पास नहीं रखा और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंप दिया। नीतीश के इस कदम ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। बिहार सरकार में पोर्टफोलियो पॉलिटिक्स को लेकर कहा जा रहा है कि क्या यह गठबंधन की मजबूती का संदेश है या सत्ता पर काबिज होने का बीजेपी का 'स्मार्ट मूव'? फिलहाल जो भी हो लेकिन बीजेपी की यह रणनीति स्पष्ट करती है कि उसका लक्ष्य केवल सरकार चलाना नहीं, बल्कि बिहार में स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित होना है, ताकि 2029 में वह पूरी तरह से अपने दम पर चुनाव लड़ सके, जैसा कि पार्टी नेतृत्व ने 'अवध' और 'मगध' जीतने के अपने बयानों में संकेत दिया है।

### गृह विभाग गया तो क्या गया

गृह विभाग बिहार सरकार का सबसे अहम मंत्रालय माना जाता है - कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन, खुफिया तंत्र और राज्य की सुरक्षा से जुड़ा हर अहम आदेश। अब तक ये सब फैसले सीधे मुख्यमंत्री निवास से निकलते थे। लेकिन पहली बार यह शक्ति CM हाउस से निकलकर डिप्टी CM सम्राट चौधरी के हाथों में पहुंच गई है। यही कारण है कि इसे सिर्फ डिपार्टमेंट शफल नहीं, बल्कि सत्ता संरचना में ऐतिहासिक बदलाव माना जा रहा है।

### सम्राट सरकार का नया पावर हब

गृह विभाग मिलने का मतलब साफ है अब राज्य की सुरक्षा, पुलिस सिस्टम, ट्रांसफर-पोस्टिंग और इन्वेस्टिगेशन जैसे बड़े फैसले उपमुख्यमंत्री के दफ्तर से तय होंगे।राजनीतिक गलियारों में एक बात अब साफ-साफ कही जा रही है सत्ता का नया केंद्र अब सिर्फ मुख्यमंत्री आवास नहीं, बल्कि सम्राट चौधरी का ऑफिस भी होगा।यह फैसला दिखाता है कि बीजेपी सरकार में अपना दबदबा तेज़ी से बढ़ा रही है। सम्राट चौधरी को पार्टी और सत्ता दोनों में टॉप लेवल रोल दिया जा रहा है।

### किसे मिला कौन सा विभाग?

ताजा फेरबदल के तहत डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को गृह विभाग, अरुण शंकर को पर्यटन और कला, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को भूमि-राजस्व और खनन विभाग, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को उद्योग, मंगल पांडेय को स्वास्थ्य और विधि विभाग, राम कृपाल यादव को कृषि विभाग, नितिन नबीन को PWD विभाग, संतोष सुमन को लघु जल संसाधन विभाग और संजय टाइगर को श्रम संसाधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा, दीपक प्रकाश को पंचायती राज विभाग, सुरेंद्र मेहता को पशु संसाधन और मत्स्य विभाग, नारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन विभाग, एलजेपी (आर) को लोक स्वास्थ्य, अभियंत्रण और गन्ना उद्योग विभाग दिया गया है।

# भारत में 30% महिलाओं ने पार्टनर से झेली हिंसा

- 15-49 एज ग्रुप की हर पांचवीं महिला पीड़ित
- दुनिया में 84 करोड़ महिलाओं के साथ सेक्शुअल एब्यूज



**एजेंसी | नई दिल्ली**

डब्ल्यूएचओ की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि भारत में करीब 30 प्रतिशत महिलाओं को अपने पति या पार्टनर की ओर से मानसिक, आर्थिक या यौन हिंसा का सामना करना पड़ा है। 15-49 आयु वर्ग की हर पांचवीं महिला इंटीमेट पार्टनर वॉयलेंस की पीड़ित है। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति चिंताजनक है—दुनिया में लगभग 84 करोड़ महिलाओं ने जीवन में कभी न कभी पार्टनर द्वारा यौन शोषण झेला है। नॉन-पार्टनर हिंसा की बात करें तो विश्व में 8.4% और भारत में करीब 4% महिलाओं को ऐसे व्यक्तियों से यौन हिंसा का सामना करना पड़ा है, जो उनके पार्टनर नहीं हैं।

### 168 देशों के आंकड़ों पर आधारित वैश्विक अध्ययन

यह रिपोर्ट 2000 से 2023 के बीच 168 देशों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है और इसे 'महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाप्त करने के अंतरराष्ट्रीय दिवस' (25 नवंबर) से पहले जारी किया गया। रिपोर्ट बताती है कि बीते दो दशकों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के आंकड़ों में बहुत मामूली सुधार हुआ है। इसी धीमी प्रगति को देखते हुए 2030 तक महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाप्त करने का वैश्विक लक्ष्य हासिल करना कठिन माना जा रहा है।

### WHO रिपोर्ट की सिफारिशें

- हिंसा रोकने के लिए सबूत-आधारित कार्यक्रम बढ़ाए जाएं।
- पीड़ित महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, कानूनी और सामाजिक सेवाएं मजबूत हों।
- डेटा सिस्टम बेहतर हों ताकि सुधारों को ट्रैक किया जा सके।
- महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने वाले कानून सख्ती से लागू किए जाएं।

## ब्रीफ न्यूज़

### 252 करोड़ ड्रग्स मामला : एक और स्टारकिड का आया नाम

**मुंबई।** बीते कुछ समय पहले बॉलीवुड में ड्रग्स मामलों को लेकर बवाल मचा रहा था। अब एक बार फिर ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें श्रद्धा कपूर के भाई सिद्धांत कपूर का भी नाम सामने आया है। 252 करोड़ रुपयों के इस ड्रग मामले में सोशल मीडिया स्टार ओरहान अवत्रमणि AKA ओरी का भी नाम सामने आया था। जिसमें मुंबई पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए समन भेजा था। अब इसी मामले में सिद्धांत को भी मुंबई पुलिस एंटी नार्कोटिक सेल ने समन्स भेजा है। साथ ही मंगलवार को घाटकोपर यूनिट में अपना बयान दर्ज करवाने के लिए बुलाया गया है। वहीं ओरी को भी बीते रोज समन भेजा गया था लेकिन अभी तक ओरी हाजिर नहीं हुए हैं। अब एक बार फिर मुंबई पुलिस एंटी नार्कोटिक सेल ने समन भेजा है और पूछताछ के लिए घाटकोपर यूनिट में बुलाया है।

### 'प्रोजेक्ट सुविता' को मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने मातृ एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल माध्यम के जरिए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना पर आधारित "प्रोजेक्ट सुविता" के तहत अब तक 50 लाख से अधिक बच्चों के माता-पिता और 40 लाख गर्भवती महिलाएँ पंजीकृत हो चुकी हैं। कुल 94 लाख लोगों तक पहुँचकर यह दुनिया के सबसे बड़े राज्य-नियंत्रित और व्यवहार-विज्ञान आधारित स्वास्थ्य संचार कार्यक्रमों में शामिल हो गया है।

## तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को रौंदा, 2 लोगों की मौत

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**



अंबरनाथ में पूरब और पश्चिम को जोड़ने वाले पुल पर एक भयानक सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस से मिली शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा तेज रफ़्तार और यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण हुआ। पुल पर उल्टी तरफ़ से आ रही एक बेकाबू कार ने सामने से आ रहे कई दोपहिया वाहनों (टू-व्हीलर्स) को ज़ोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं कुछ लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। यह पूरी भयानक घटना मौके पर लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है, जिसे पुलिस ने जांच के लिए जब्त कर लिया है।

## मंत्री लोढ़ा को विधायक असलम ने दी धमकी

- मुंबई पुलिस आयुक्त से की शिकायत, कड़ी कार्रवाई की मांग

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों के मुद्दे को उठाने वाले मुंबई उपनगर के सह-पालकमंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा को मालाड-मालवणी के कांग्रेस विधायक असलम शेख द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इसके बाद मंत्री लोढ़ा ने मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। मालवणी क्षेत्र में हजारों की संख्या में रह रहे संदिग्ध रोहिंग्या और अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ मंत्री लोढ़ा लगातार अभियान चला रहे हैं।





### धमकी पर राजनीतिक टकराव

मंत्री लोढ़ा का कहना है कि घुसपैठियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ निरंतर आवाज उठाने के कारण विधायक असलम शेख ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। वे कहते हैं कि ऐसे धमकियों से डरे बिना वे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेंगे।

## सुविधा केंद्रों से मुंबई चकाचक

### पूरे महाराष्ट्र में लागू होगा मॉडल: सीएम फडणवीस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) में स्वच्छता और स्वास्थ्य क्रांति लाने वाली 'सुविधा केंद्र' पहल ने शहर की झुग्गी-झोंपड़ी बस्तियों की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पथप्रदर्शक योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए इसकी सराहना की है और इसे पूरे शहरी महाराष्ट्र के लिए एक आदर्श मॉडल घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह पहल न केवल शहरी स्वच्छता सुनिश्चित कर रही है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के माध्यम से स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता का एक नया मानक स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री फडणवीस की संकल्पना से शुरू हुआ 'स्वच्छ महाराष्ट्र अभियान' इस 'सुविधा केंद्र' मॉडल के दम पर मुंबई में तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है।



### योजना के मुख्य बिंदु

योजना के मुख्य बिंदुओं में 23 केंद्रों का संचालन और जल्द शुरू होने वाला 24वां केंद्र शामिल है, जिनके माध्यम से 5.5 लाख लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और 7.5 लाख लोगों को स्वच्छता शिक्षा प्रदान की गई है। इस पहल से बीमारियों में 50% की कमी दर्ज की गई है, जबकि 300 प्रशिक्षित महिलाएं अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। प्रत्येक केंद्र 9 महीने के भीतर आत्मनिर्भर बन जाता है और संपूर्ण परियोजना पर्यावरण-अनुकूल तकनीक पर आधारित एक सफल सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के रूप में स्थापित हुई है।

### वर्तमान स्थिति और भविष्य का विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह मुंबई की वंचित बस्तियों में स्वच्छता सुविधाओं की आवश्यकता को दर्शाती है। वर्तमान में मुंबई में 23 केंद्र पूरी तरह से कार्यरत हैं। 24 वां केंद्र शीघ्र ही शुरू होने वाला है। 2 अतिरिक्त केंद्र निर्माणाधीन हैं और 7 केंद्रों के प्रस्ताव प्रगति के पथ पर हैं। इसमें बीएमसी और एचयूएल के साथ अब एचएसबीसी और जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन (जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन) जैसी संस्थाएं भी जुड़ गई हैं। इनके सहयोगों से यह योजना अगले कुछ वर्षों में मुंबई महानगर क्षेत्र में और अधिक व्यापक स्वरूप ले लेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने मुंबई महानगर क्षेत्र में इस तरह के और

## डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट
### 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर 237 टीबी मरीज दर्ज किए गए

# भारत में टीबी के मामलों में 21% की कमी आई

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि पिछले दस वर्षों में भारत में तपेदिक (टीबी) के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई है। डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्ष 2015 से 2024 के बीच टीबी मामलों में 21 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर 237 टीबी मरीज दर्ज किए गए थे, जो 2024 में घटकर 187 रह गए। रिपोर्ट के मुताबिक, टीबी से होने वाली मौतों में भी बड़ी कमी आई है। वर्ष 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर 28 मौतें दर्ज होती थीं, जबकि 2024 में यह संख्या घटकर 21 रह गई। मंत्रालय ने इसे देश में बेहतर उपचार प्रणाली और जागरूकता अभियानों का परिणाम बताया है।

मृतकों की संख्या भी घटी



### इलाज की पहुंच लगभग दोगुनी हुई

उपचार कवरेज के मोर्चे पर भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2015 में जहां केवल 53 प्रतिशत मरीज इलाज तक पहुंच पा रहे थे, वहीं 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 92 प्रतिशत हो गया है। इससे रोगियों के समय पर उपचार और संक्रमण रोकथाम में तेजी आई है।

### गैर-पहचाने गए रोगियों की पहचान में सफलता

डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2015 में अनुमान लगाया था कि भारत में करीब 15 लाख टीबी रोगी ऐसे हैं जिनकी पहचान नहीं हो पाई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 2024 तक इनमें से 93 प्रतिशत रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार दायरे में लाया जा चुका है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेज़ कदम

केंद्रीय तपेदिक विभाग टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर काम कर रहा है। इलाज से छूट रहे मरीजों की पहचान, टीबी स्क्रीनिंग, दवा उपलब्धता और जागरूकता अभियानों को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य और अधिक सुदृढ़ होता जा रहा है।


न्यूज़ ब्रीफ

## अंबरनाथ में 'धूम स्टाइल' में लूटपाट

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ और आसपास के इलाकों में धूम फिल्म की तर्ज पर लुटेरों के द्वारा लगातार महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। तेज रफ्तार बाइक पर सवार गिरोह दिनदहाड़े घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। गुरुवार दोपहर भी ऐसी ही एक वारदात हुई, जिसमें दो अज्ञात लुटेरों ने कामकाजी महिला से मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। लगातार बढ़ रही घटनाओं से स्थानीय लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल शिवाजी नगर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।वारदात अंबरनाथ के वडवाली स्थित हनुमान मंदिर परिसर में रहने वाली 43 वर्षीय चंद्रिका सुरेश परमार के साथ हुई। गुरुवार 20 नवंबर सुबह करीब साढ़े 11 बजे जब वह मोतीराम गार्डन रोटरी क्लब के पीछे के रास्ते से गुजर रही थीं, तभी तेज रफ्तार बाइक पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उनके गले से सोने की मणि वाला मंगलसूत्र झपट लिया। इसकी कुल कीमत 40 हजार रुपये बताई जा रही है। शिकायत दर्ज होने के बाद शिवाजी नगर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, और जांच का जिम्मा सहायक पुलिस निरीक्षक कोल्हे को सौंपा गया है।

## सीएसएमटी एक्वा मेट्रो लाइन पर सेवा डेस्क और कला प्रतिष्ठानों का उद्घाटन

**मुंबई।** भारतीय डाक ने मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के सहयोग से शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 को सीएसएमटी एक्वा मेट्रो लाइन के स्टेशन पर नया सेवा डेस्क और कला प्रतिष्ठानों का शुभारंभ किया। प्रवेश/निकास द्वार A2/A3 पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र और गोवा सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह, मुंबई क्षेत्र की डाक सेवाओं की निदेशक कैया अरोड़ा और दोनों संस्थानों के



वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। यह पहल मुंबई मेट्रो नेटवर्क में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और आवश्यक नागरिक-केंद्रित सेवाओं की पहुंच को और सुगम बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। स्टेशन परिसर में लगाए गए कला प्रतिष्ठानों ने भारतीय डाक की विरासत और आधुनिक सेवाओं को आकर्षक और सूचनात्मक ढंग से प्रदर्शित किया।नए समर्पित सेवा डेस्क में यात्रियों के लिए कई उपयोगी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। यहां विस्तारित काउंटर के माध्यम से संवर्धित वास्तविकता (एआर) पोस्टकार्ड, डाक टिकट संग्रह-थीम वाले कोस्टर, पानी की बोतलें, टोट बैग और अन्य संग्रहणीय सहायक सामग्री उपलब्ध है। इसके साथ ही यात्रियों को भारतीय डाक द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं की पूरी जानकारी भी दी जा रही है। स्टेशन पर स्थापित खास "माई स्टैम्प" काउंटर नागरिकों को अपनी तस्वीरों वाले व्यक्तिगत डाक टिकट बनाने का अनूठा अवसर देता है, जिससे यात्रियों को एक यादगार और कस्टमाइज्ड डाक टिकट संग्रह अनुभव मिलता है।

# मुंबई को मिलेगी जाम से राहत

## बीएमसी का 1635 करोड़ का मेगा प्लान तैयार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के पूर्वी उपनगरों में लगातार बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए बीएमसी ने कुर्ला से घाटकोपर को जोड़ने वाले एलबीएस मार्ग पर नया 4.24 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाने की तैयारी तेज कर दी है। इस परियोजना पर लगभग 1,635 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बीएमसी ने टेंडर जमा करने की अंतिम तारीख 6 दिसंबर तय की है।



### फ्लाईओवर का मार्ग और संरचना

यह फ्लाईओवर स्टील गर्डर्स और आरसीसी डेक स्लैब से निर्मित होगा। फ्लाईओवर की शुरुआत कुर्ला के कल्पना टॉकीज से होगी और यह घाटकोपर स्थित पंखे शाह दरगाह के पास समाप्त होगा। कुल 4.24 किमी लंबाई में से मुख्य सड़क 3.91 किमी होगी, जबकि दोनों ओर 146 मीटर और 180 मीटर लंबे लैंडिंग रैंप बनेगा।

### यात्रियों को क्या लाभ मिलेगा?

एलबीएस रोड पर कुर्ला-घाटकोपर के बीच कई जंक्शन रोज भारी जाम का कारण बनते हैं। अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड, घाटकोपर स्टेशन और संत नरसी मेहता रोड सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले पॉइंट हैं। नया फ्लाईओवर इन सभी प्रमुख जंक्शनों को बायपास करेगा, जिससे यात्रा समय में भारी कमी आ सकती है। चार लेन वाले इस फ्लाईओवर की चौड़ाई 16 .5 मीटर होगी, और इसे पूरा होने में करीब चार वर्षों का समय लगेगा।

### नौसेना की आपत्ति से अटका था काम

यह परियोजना लगभग दो वर्षों से देरी का शिकार थी क्योंकि फ्लाईओवर का लगभग एक किमी हिस्सा नौसेना की भूमि के पास आता है। नौसेना ने सुरक्षा कारणों से इस पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद बीएमसी को एनओसी लेने के लिए कई बार पत्राचार करना पड़ा। अब नौसेना ने एनओसी जारी कर दिया है, जिसके बाद तकनीकी सर्वे पूरा कर बीएमसी कमिश्नर की मंजूरी मिलते ही टेंडर जारी किया गया।

## दिव्यांगों की पेंशन अटकी फाइलें अब दिसंबर तक होंगी साफ

**ठाणे।** संजय गांधी निराधार योजना के तहत दिव्यांग आवेदकों की लंबित फाइलें, जो रेड टेप और डॉक्यूमेंट्स की गलतियों के कारण अटकी हुई थीं, अब दिसंबर के अंत तक सुलझ जाएंगी। इससे लाभार्थियों को हर महीने मिलने वाली 2500 पेंशन का रास्ता साफ हो गया है। यह निर्णय विधायक संजय केलकर की अध्यक्षता में हुई संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक में लिया गया।



### 55 दिव्यांगों ने रखी शिकायतें, समाधान के लिए बुलाई विशेष बैठक

विधायक केलकर के जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इस मुद्दे पर शिकायतें सामने आई थीं। करीब 55 दिव्यांग नागरिकों ने शिकायत की थी कि योजना का लाभ लेने के लिए जमा किए गए दस्तावेज़ों में त्रुटियों के कारण उनके मामले फाइलों में अटके पड़े हैं और उन्हें स्कीम का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### 30 नवंबर तक सभी केसों को मिलेगी मंजूरी

बैठक में अधिकारियों ने स्वीकार किया कि दस्तावेज़ों की गलतियाँ और प्रक्रिया की जटिलता के चलते फाइलें लंबित थीं। तय किया गया कि सभी लंबित मामलों में आवश्यक सुधार कर 30 नवंबर तक मंजूरी दे दी जाएगी, जिससे दिसंबर से सभी पात्र दिव्यांगों को पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। इससे सैकड़ों लाभार्थियों को राहत मिलेगी। विधायक संजय केलकर ने कहा कि सरकार कई योजनाएँ शुरू करती है, लेकिन जब तक समय पर फॉलो-अप न हो, तब तक नागरिकों को फायदा नहीं मिलता।

## 3.6 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज




### ईओडब्ल्यू को सौंपी गई जांच

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में 14 निवेशकों से 3.6 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पांच लोगों के खिलाफ श्रीनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे आगे की जांच के लिए इकोनॉमिक ऑफ़ेंस विंग (EOW) को ट्रांसफर कर दिया गया है।

शिकायत विक्रोली के एक दुकानदार ने दर्ज कराई, जिसमें एक कंपनी के फाउंडर समेत पांच लोगों पर आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने और 13 अन्य निवेशकों ने फरवरी 2023 से कंपनी को उच्च और निश्चित रिटर्न्स के लालच में 3.6 करोड़ रुपये निवेश किए थे। शुरुआत में कंपनी ने नियमित पेमेंट किया, लेकिन कुछ महीनों बाद सारे भुगतान बंद कर दिए।

### पांच आरोपितों पर कड़ी धाराओं में केस

निवेशकों ने जब अपनी मूल रकम वापस मांगी, तो आरोपितों ने लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पांचों आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (IPC) और महाराष्ट्र प्रोटेक्शन ऑफ़ इंटरेस्ट ऑफ़ डिपॉज़िटर्स (MPID) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आगे की विस्तृत जांच अब EOW करेगी।

## 68 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद भी वसई-विरार की सड़कों पर गड्ढे

### भाजपा नेता ने की अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**विरार।** वसई-विरार मनपा क्षेत्र में गड्ढों की मरम्मत के लिए 68 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद सड़क रिपेयर का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। मानसून के बाद भी लाखों लोगों को रोज़ाना गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को उठाते हुए भाजपा वसई जिला महासचिव मनोज बारोट ने अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### आयुक्त के भरोसे के बाद भी अधर में लटका काम

मनोज बारोट ने जिलाधिकारी एवं प्रभारी आयुक्त इंदुराणी जाखड को लिखे पत्र में कहा कि छठ पूजा को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी ने 30 नवंबर तक शहर को गड्ढामुक्त करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद सड़क मरम्मत के लिए टेंडर निकाले गए और 68 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर भी जारी किया गया, लेकिन जमीन पर काम शुरू नहीं हो सका।

### लोगों की बढ़ती परेशानी और हादसों का खतरा

वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद भी सड़क मरम्मत में देरी से नागरिकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। गड्ढों वाली सड़कों से रोज़ाना आवागमन मुश्किल हो रहा है और हादसों की संख्या में भी इजाफा देखा जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है।

### कॉन्ट्रैक्टर और अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

बारोट का आरोप है कि मनपा अधिकारियों की उदासीनता और अंदरूनी स्वार्थों के चलते गलत तरीके से कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किए जाते हैं। कमिश्नर के आदेश और फंड जारी होने के बावजूद काम पर्याप्त गति से नहीं होता, जिसका सीधा नुकसान नागरिकों को उठाना पड़ता है।

## पार्थ पवार को अपनों ने फंसाया

**रायगड।** रायगड जिले के पालकमंत्री पद को लेकर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी के बीच जारी तनातनी अब स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर असर डाल रही है। चुनावी माहौल के बीच यह नया विवाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल पैदा कर रहा है।शिंदे गुट के विधायक महेंद्र दलवी ने एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार को उनकी ही पार्टी के नेताओं ने फंसाया है। दलवी ने इसे एनसीपी में फूट डालने की साजिश बताया। रोहा में आयोजित सभा में दलवी ने सुनील तटकरे पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि तटकरे का राजनीतिक करियर धोखाधड़ी और विश्वासघात से भरा रहा है। दलवी ने आरोप लगाया कि तटकरे अपने ही सहयोगियों को फंसाकर बदनाम करते हैं और राजनीतिक फायदा उठाते हैं।



## मालेगांव में 4 साल की बच्ची से दरिंदगी और हत्या पर उबाल

### आरोपी को फांसी दी जाए: हर्षवर्धन सपकाल

**मुंबई।** मालेगांव में तीन साल की मासूम बच्ची से बलात्कार और हत्या की घटना पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह घटना साबित करती है कि राज्य में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। सपकाल ने मांग की कि मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में कराते हुए आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है।



### राजनीतिक संरक्षण और बढ़ता जनाक्रोश

सपकाल ने कहा कि सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है, जिसके कारण उनका मनोबल लगातार बढ़ रहा है। फलटण में डॉ. संपदा मुंडे की आत्महत्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मामले से जुड़े सत्ताधारी दल के नेता को बिना जांच के क्लीन चिट दी गई, जबकि पीड़िता को अब तक न्याय नहीं मिला।

## वसई-विरार शहर महानगरपालिका

प्रभाग समिति ''अे'बोळींज

महाराष्ट्र मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे अधिसूचित तीन प्रकरण-8 मधील कलम 1 (1) व 2 (2) अन्वये जाहीर नोटीस खालील मालमतेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय बोळीज येथे झालेल्या मालमत्ता धारकांच्या प्रकरणपरत्वे नोटीसीनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 7 दिवसांचे आत हितसंबंधकाने हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई-विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय बोळीज येथे लेखी स्वरुपात हरकत गोंदवावी अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी सदर हस्तांतरण करुन महानगरपालिका मध्ये याबाबतची नोंद घेतली जाईल.

| अ क्र | दिनांक | वॉर्ड क्र./ मालमत्ता क्र. | ज्यांचे नावे मालमत्ता आहे त्यांचे म्हणजे मालमत्ता विकणा-याचे नाव किंवा अभिहस्तांकन कत्यांचे नाव | खरेदीखताचे किंवा अभिहस्तांकन करत्यांचे नाव | मालमत्तेचे स्वरूप | पत्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19-11-2025 | BL07/265/39 | सुदेश रमेश मांजरेकर | सीताराम मंडाय्या पूजारी व शशिकला सीताराम पुजारी | निवासी | वाय के एन एक्स, एक्सपर्ट शाळे समोर, स्टार सिरेन, रूम नं. बी/203. |
| 2 | 19-11-2025 | BL03/77 | गंगा केशव बाघरी | नितु केशव नागा | निवासी | बोलिज नाका |
| 3 | 19-11-2025 | BL07/174/22 | अर्जुन महेश शर्मा | काम्या यश सोलंकी | निवासी | यशवंत पार्कच्या बाजूला, यूनिटेक रोडस्टार स्टेटस रुम नं बी/106 |
| 4 | 19-11-2025 | BL07/161/64 | राजेंद्र पोपटलाल दोशी व मिता राजेंद्र दोशी | पुनम नीलेश शाह व दीपाली मुकेश जैन | निवासी | राजीव नगर, नैरुत च्या बाजूलामित रुम नं डी/402 |
| 5 | 19-11-2025 | BL03/344/1 | बाळराज सी सोलंकी | सोनाली दुर्गेश जोशी व दुर्गेश श्रीकृष्ण जोशी | निवासी | ग्रीन पार्क कॉम्पलेक्स, ग्रीन पार्क रोड, सिंडिकेट बैंक बोळोजकॉर्नर प्लाझा टाईप ई-18 रुम नं. 101 |
| 6 | 19-11-2025 | BL03/344/5 | बाळराज सी सोलंकी | दुर्गेस श्रीकृष्ण जोशी व सोनाली दुर्गेश जोशी | निवासी | ग्रीन पार्क कॉम्पलेक्स, ग्रीन पार्क रोड, सिंडिकेट बैंक बोळीनकॉर्नर प्लाझा टाईप ई-18 रुम नं. 301 |
| 7 | 19-11-2025 | BL03/306/45 | तुषार एस माहिमकर | ओमकार नंदु बाघ व सोनल ओमकार बाघ | निवासी | शुभम हाईटस्, ए-703 |
| 8 | 19-11-2025 | BL03/344/8 | बाळरान सी सोलंकी | दुर्गेश श्रीकृष्ण जोशी व सोनाली दुर्गेश जोशी | निवासी | ग्रीन पार्क कॉम्पलेक्स, ग्रीन पार्क रोड, सिंडिकेट बैंक बोलीकॉर्नर प्लाझा टाईप ई-18 रुम नं. 402 |
| 9 | 19-11-2025 | BL03/244/4 | बाळराज सी सोलंकी | सोनाली दुर्गेश जोशी च दुर्गेश श्रीकृष्ण जोशी | निवासी | ग्रीन पार्क कॉम्पलेक्स, ग्रीन पार्क रोड, सिंडिकेट बँक बोळीनकॉर्नर प्लाझा टाईप ई-18 रुम नं. 202 |
| 10 | 19-11-2025 | BL06/140/49 | रश्मी राजेंद्र परब व राजेंद्र रघुनाथ परब | बजरंग लक्ष्मण जाधव | निवासी | गोकुळ टाऊनशीपगोकुळ एवेन्यू रुम नं सी/301 |
| 11 | 19-11-2025 | BL01/289/91 | रंजिता शर्मा व प्रदिप शर्मा | श्याम रमेश शर्मा | वाणिज्य | नानभाट रोड, बोळीज, विरार (प) जॉयविला,विरार फेस 5. पाल्म मिडांस 1 टॉवर रुम नं. 1203 |
| 12 | 19-11-2025 | BL04/129/9 | सतिश अशोक राजपाल | वैशाली मशिन कामलिया | निवासी | विरार रोडरिषी पार्क रुम नं बी/01 |
| 13 | 19-11-2025 | BL04/307/26 | अपेक्षा गौरव शर्मा व गौरव शर्मा | मदनलाल पुखराज व मौसाबी एम. सुतार | निवासी | यशवंत नगर कॉम्पलेक्स, डिमार्टच्या बाजुला, विरार प. धरती बि. 02, डी 2 ,,रुम नं.402 |
| 14 | 19-11-2025 | BL07/1282 | वाल्लभ असोसिएट्स | चंद्रजीत पाल | वाणिज्य | विवा कॉलेज रोड, विवा कॉलेज समोर वल्लभ दर्शन दुकान नं/07 |
| 15 | 19-11-2025 | BL07/122/2 | कौशिक के शाह | विशाल राय | निवासी | तिरुपतीनगर रोड, मोहन बागच्या बाजुला युनिटी अपार्टमेंट रुम नं. जी/02 |
| 16 | 19-11-2025 | BL01/258/87 | चंद्रशेखर बी हेबसर व अन्नपूर्णा सी हेबसर | अनंत सुर्यकांत जोगले | निवासी | नानभाट रोड श्री साई कॉम्प्लेक्स 1. रुम नं. सी/401 |
| 17 | 19-11-2025 | BL04/66/45 | के के मैथ्यूज | तबस्सुम अकबर शेख | निवासी | एम जी एम रोड एम जी एम नगर रुम नं/177 |
| 18 | 19-11-2025 | BL07/304/24 | निदा एम परदेसी | किरण रामचंद्र तळेकर व प्रिती किरण तळेकर | निवासी | वाय के एन एक्स एक्सपर्ट शाळेच्या बाजूला स्टार शेरेटॉन |
| 19 | 19-11-2025 | BL07/141/102 | प्रविण महादेव काटकर व आरती प्रविण काटकर | डॅरसी जॉन रॉड्रीसा व तन्वी डॅरसी रॉड्रीक्स | वाणिज्य | तिरुपती नगर, चिंतामणी बिहार बिल्डिंग समोर आंबो विहार दुकान नं/12 |
| 20 | 19-11-2025 | VT01/134 | विजय नामदेव बोडके | अजयकुमार अनार सिंह | निवासी | बो रानपाडापारधी पाडा |

जा.क्र.व.वि.श.म./मा.कर / 543/2025-26
दिनांक :-21/11/2025

हस्ता.
सहा. आयुक्त

## मीरा-भाईंदर में जलवायु एक्शन प्लान लॉन्च



### मनपा व AKAHI ने किया बड़ा समझौता

**भाईंदर।** मीरा-भाईंदर महानगरपालिका में शुक्रवार को अर्बन हैबिटेट रिस्क रीझिलियंस प्रोग्राम (UHRRP) के तहत जलवायु परिवर्तन पर एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनपा आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा ने की। इस दौरान आगा खान एजेंसी फॉर हैबिटेट इंडिया (AKAHI) के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य शहर में बढ़ती जलवायु चुनौतियों का दीर्घकालिक समाधान तैयार करना था।

बैठक में विशेषज्ञों ने हर वर्ष बढ़ते तापमान, मानसून में होने वाले जलभराव, वर्षा जल प्रबंधन की खामियों और अव्यवस्थित शहरीकरण पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और गंभीर हो सकते हैं, इसलिए शहर को सुरक्षित रखने के लिए समय रहते मजबूत उपायों की जरूरत है।

### मनपा और AKAHI के बीच हुआ महत्वपूर्ण MoU

बैठक के दौरान मनपा और आगा खान एजेंसी फॉर हैबिटेट इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत गर्मी प्रबंधन, वर्षा जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा, जलस्रोतों के पुनर्जीवन और आपदा प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ाने वाली परियोजनाएं लागू की जाएंगी। AKAHI प्रतिनिधियों ने कहा कि ये पहल शहर को जलवायु आपदाओं के प्रति अधिक सक्षम बनाएंगी।

# मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम की कार्रवाई

## 53 करोड़ का गांजा-सोना-हीरा जब्त, 20 लोग गिरफ्तार





**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर सीमा शुल्क विभाग ने 13 से 20 नवंबर के बीच चलाए गए विशेष अभियानों में बड़ी सफलता हासिल की है। इस अवधि में हाइड्रोपोनिक गांजा, सोना और हीरे सहित कुल 53 करोड़ से अधिक मूल्य का माल जब्त किया गया, जबकि विभिन्न मामलों में कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### हाइड्रोपोनिक गांजे की दो बड़ी खेप पकड़ी गई

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पहले चरण में सात मामलों का भंडाफोड़ किया गया, जिनमें 25.318 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 25.318 करोड़ आंकी गई। अधिकारियों ने इन मामलों में सात यात्रियों को गिरफ्तार किया। दूसरे चरण में, सात और मामलों का पता चला, जिनमें 26.981 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 26.981 करोड़ है। इस दौरान आठ और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उसी सप्ताह अधिकारियों ने सोने की तस्करी के चार मामलों में कार्रवाई करते हुए यात्रियों से कुल 551 ग्राम 24 कैरट सोना बरामद किया। बरामद सोने की कुल कीमत 65.57 लाख बताई गई है। अधिकारियों के अनुसार, तस्कर इसे अलग-अलग तरीकों से छिपाकर ले जाने की कोशिश कर रहे थे।

### कीमती हीरों की भी बरामदगी

एक अन्य महत्वपूर्ण मामले में सीमा शुल्क टीम ने कुल 469.75 कैरट हीरे जब्त किए, जिनकी कीमत 54.13 लाख आंकी गई। इनमें 43.5 कैरट प्राकृतिक हीरे और 426.25 कैरट कृत्रिम हीरे शामिल थे। यह कीमती सामग्री यात्री के शरीर में छिपाकर ले जाई जा रही थी।

# न्यायाधीश के वाहन व आवास की तस्वीरें लीक




**मुंबई।** मुंबई में बांद्रा फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश राहुल रावसाहेब थोरात के निजी वाहन और सरकारी आवास परिसर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक संवेदनशील मामला सामने आया है। न्यायाधीश थोरात ने इसे गोपनीयता और सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन बताते हुए एंटॉप हिल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शिकायत के मुताबिक 'मरोल सिटीजंस वॉयस' नामक ट्विटर हैंडल ने न्यायाधीश थोरात की निजी कार और परिसर में मौजूद अन्य न्यायाधीशों के वाहनों की तस्वीरें बिना अनुमति के अपलोड कीं। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि कोई अज्ञात व्यक्ति सोसायटी में अवैध रूप से घुसा और इन तस्वीरों को गुप्त रूप से लिया। इस घटना ने न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पुलिस जांच जारी, अज्ञात व्यक्ति की तलाश

न्यायाधीश थोरात ने शिकायत में स्पष्ट किया कि वे मुंबई हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार वडाला स्थित सरकारी आवास में रहते हैं और अपनी निर्धारित पार्किंग का ही उपयोग करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी गाड़ी पर "जज" नेमप्लेट का उपयोग सर्वोच्च अदालत के 2015 के आदेश और महाराष्ट्र सरकार के 6 फरवरी 2024 के जीआर के तहत पूरी तरह वैध है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए भ्रामक दावों का खंडन किया और बताया कि ऐसी अफवाहें उनकी सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। एंटॉप हिल पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति और संबंधित ट्विटर हैंडल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में लगी है कि तस्वीरें किसने और किस उद्देश्य से लीं। घटना को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# बुजुर्ग की रॉड से पीट-पीटकर हत्या

## इवनिंग वॉक के दौरान हुआ जानलेवा हमला



**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर स्थित फर्नीचर गली में एक वरिष्ठ नागरिक की निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इवनिंग वॉक पर निकले सुरेंद्र धोंडू पाचाडकर (महाराज) पर लोहे के रॉड से हमला किया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जोन 7 के पुलिस उपायुक्त राकेश ओला मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विक्रोली पार्क साइट निवासी पाचाडकर मंदिर में दर्शन के बाद रोज की तरह पैदल घाटकोपर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच सीजीएस कॉलोनी की फर्नीचर गली में उन पर अचानक हमला कर दिया गया। लोहे के रॉड से किए गए हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से लोहे का रॉड बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### असामाजिक गतिविधियों के लिए बदनाम है इलाका

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह क्षेत्र लंबे समय से ड्रग एडिक्ट, पॉकेटमार और छिनैती करने वालों का अड्डा बना हुआ है। घाटकोपर बेस्ट रेडलाइट एरिया से लेकर ध्रुवराज सिंह मार्ग, सीजीएस कॉलोनी रोड, लक्ष्मी नारायण मंदिर रोड, उदय टाकीज और सेंट्रल बार के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा आम बात है। इस इलाके में सक्रिय अपराधी पहले राहगीरों को धक्का देकर झगड़ा खड़ा करते हैं और फिर मौका देखकर मोबाइल या चेन छीन लेते हैं। विरोध करने पर ये समूह में इकट्ठा होकर पिटाई भी कर देते हैं। पाचाडकर भी इसी तरह की संगठित वारदात का शिकार बने, जिसके चलते उनकी जान चली गई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कई जगह हाई-रेजोल्यूशन कैमरे लगाए थे, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर ये कैमरे बंद रहते हैं या उनके दिशा बदल दिए जाते हैं।

# सचिन वाजे ने आर्थिक गड़बड़ी के मामलों को रद्द करने की मांग की

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र के निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने शुक्रवार को सत्र न्यायालय में आवेदन देकर उनके खिलाफ दर्ज आर्थिक गड़बड़ी से जुड़े मामलों को रद्द करने की मांग की है। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश सत्यनारायण नावंदर ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस पर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### देशमुख के आदेशों का पालन करने का दावा

वाजे ने जेल से भेजे अपने आवेदन में कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आर्थिक गड़बड़ी के आरोप झूठे हैं। उन्होंने दावा किया कि कथित गतिविधियाँ केवल तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के आदेशों का पालन करने के उद्देश्य से की गई थीं। साथ ही कहा गया कि केस दर्ज करने से पहले सीआरपीसी की धारा 197 और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट के अनुसार आवश्यक सरकारी मंजूरी नहीं ली गई।

### वसूली की रकम पर दी सफाई

वाजे ने अपने आवेदन में कहा कि जो भी राशि उन्होंने वसूली, वह पूरी तरह आदेशानुसार आगे भेज दी थी, इसलिए उस धनराशि का बाद में कैसे उपयोग हुआ, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उनके अनुसार, इस मामले में उन्हें जानबूझकर टारगेट किया गया है।

### ईडी ने लगाए करोड़ों की वसूली के आरोप

प्रवर्तन निदेशालय ने अपने आरोपों में कहा है कि अनिल देशमुख ने वाजे के माध्यम से मुंबई के बार और रेस्टोरेंट मालिकों से 4.70 करोड़ रुपये एकत्र करवाए थे। ईडी का दावा है कि यह राशि नागपुर स्थित श्री साईं शिक्षण संस्थान में भेजी गई थी।

### देशमुख को जमानत, वाजे अब भी जेल में


उल्लेखनीय है कि वाजे ने पहले भी आरोप लगाया था कि पूर्व गृहमंत्री देशमुख ने उन्हें 100 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश दिया था। इसी बयान के आधार पर ईडी ने देशमुख को गिरफ्तार किया था, जिन्हें बाद में जमानत मिल गई। जबकि सचिन वाजे अभी भी नवी मुंबई की तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

# फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कांदिवली के चारकोप इलाके में बिल्डर फ्रेडी डी'मेलो पर दिनदहाड़े हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने एक आरोपित गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य शूटर अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की हैं। जांच में सामने आया है कि यह हमला लंबे समय से चल रहे प्रॉपर्टी विवाद का नतीजा था।

### पीछा कर मौके पर पहुंचा था हमलावर गिरोह



पुलिस जांच के अनुसार, आरोपित डी'मेलो का उनके घर से पीछा करते हुए गार्डी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे। डी'मेलो एक स्कूल में अपने दोस्त से मिलने गए थे और बाहर निकलते ही मोटरसाइकिल पर आए हमलावरों ने उन पर दो राउंड फायरिंग की। पेट में गोली लगने के बावजूद डी'मेलो अपनी कार से बोरीवली के ऑस्कर हॉस्पिटल पहुंचे, जहां चार घंटे की सर्जरी के बाद गोलियां निकाली गईं। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत अब स्थिर है।


**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013 द्वारा **निविदा सूचना क्र.: EL/WA/PL/2025-26/12R1, दिनांक: 20.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थान:** "एलएचबी कोच अंडर फ्रेम फ्रंट पार्ट असेंबली एवं संबंधित गतिविधियों के प्रतिस्थापन" कार्य हेतु विद्युत उप-प्राक्कलन। **कार्य की अनुमानित लागत:** 68,85,849.60 **ईएमडी:** 1,37,700/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 12.12.2025, दोपहर 12:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 12.12.2025, दोपहर 12:30 बजे अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in 0827

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत क्षमता वृद्धि**

Sr. DEE/P/BCT, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, **निविदा सूचना क्र. EL-81-2-669-WA-50, दिनांक 18.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** Churchgate – GLO बिल्डिंग और स्टेशन बिल्डिंग में विद्युत आपूर्ति प्रणाली का उन्नयन, जिसमें केबल और पावर डिस्ट्रीब्यूशन पैनल शामिल हैं। **कार्य की अनुमानित लागत:** 5,25,28,008/- **ईएमडी (EMD):** 4,12,700/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 10.12.2025 तक, 15:00 बजे **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 10.12.2025 को 15:30 बजे अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in 0806

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (मलनिःसारण संचालन) |
| शाखा | उप मुख्य अभियंता (मल.संचा.) शहर<br>कार्यकारी अभियंता, यांत्रिक (S), बांद्रा जोन |
| निविदा क्रमांक | 1. 2025_MCGM_1248323_1<br>**"बांद्रा इन्फ्लुएंट पंपिंग स्टेशन पर मुख्य पंप P-205 का ओवरहॉलिंग कार्य"** |
| निविदा विक्री अवधि | दिनांक 22.11.2025 को 11.00 बजे से<br>दिनांक 01.12.2025 तक 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | कार्यकारी अभियंता, यांत्रिक (S), बांद्रा जोन |
| A) नाम | श्री. ए. जे. चव्हाण |
| B) दूरध्वनी (कार्यालय) | 022 24464750 |
| C) मोबाइल क्रमांक | 8779270575 |
| D) ई-मेल आयडी | ipsbandra@gmail.com |

पीआरओ/2322/विज्ञा./2025-26

सही/-
उप मुख्य अभियंता (मल.संचा.) सिटी (प्रभारी)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।



**पश्चिम रेलवे**
**पुराने हो चुके सर्किट ब्रेकर्स का प्रतिस्थापन**

वरिष्ठ DEE/TRD/NS/BCT, मुंबई सेंट्रल **ई-टेंडर नोटिस क्र.: EL-TRD-W-118-25-26-13, दिनांक 20.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** विरार–जलगाँव सेक्शन, मुंबई डिविजन के ट्रैक्शन सब-स्टेशन में पुराने हो चुके सर्किट ब्रेकर्स, करंट ट्रांसफॉर्मर्स एवं पोटेंशियल ट्रांसफॉर्मर्स का प्रतिस्थापन। **प्रचारित मूल्य:** 36,25,695/- **जमानत राशि (EMD):** 72,500/- **प्रस्तुति की तिथि एवं समय:** 16.12.2025 तक, 15:00 बजे तक **खोलने की तिथि एवं समय:** 16.12.2025, 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in मैनुअल ऑफ़र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। 0824

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदाएं आमंत्रित करते है। **1. ई-निविदा सूचना क्र. 44-2025-SrDENC. कार्य का नाम :** 1-Construction of New quarters at KEM (type-II 04 units), JEUR (Type-II 04 units) BLNI (Type-II 04 units) & WSB (Type-II 04 unit) under ADEN/BG/KWV. 2- Construction of New quarters at SGRE (type-II 04 units),JTRD (type-II 04 units), ARAG (type-II 4 units), YSI (Type-II 02 units) & DKY (Type-II 02 units) under ADEN/PVR & ADEN/LUR. 3- Construction of quarters in lieu of old quarters at SUR (Type-III 04 units & Type-IV 02 units) under ADEN/W/SUR sub division, PJR(Type-II 04 units) & YSI (TypeII 02 units) under ADEN/LUR sub division. **अनुमानित लागत:** ₹ 9,02,55,439.70. **बयाना रक्कम:** ₹ 6,01,300/-. **समापन की अवधी:** 12 महिने. **अनुरक्षण की अवधी:** 24 महिने. **www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर अपलोड करने की अंतिम दिनांक और समय: 12.12.2025** को **15:00 बजे तक. www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 12.12.2025** को **15:30 बजे**. निविदाकारों से निवेदन है की कोई बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
म.रे. सोलापुर
Akar/Sur-75

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**विद्युत कार्य**

**निविदा क्रं. :- सोला/क.वि./नि/2025/26.** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याती प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** टिकेकरवाडी में प्रस्तावित कोचिंग रखरखाव डिपो (चरण-1) के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य। **कार्य की लागत:** ₹ 5,62,96,465.20. **बयाना राशि:** ₹ 4,31,500/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह. **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय: दि. 15.12.2025** को **15:00 बजे।**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.)
मध्य रेल, सोलापुर
Akar/Sur-77

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**विद्युत कार्य**

**निविदा क्रं. :- सोला/क.वि./नि/2025/28.** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याती प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य - 1) सोलापुर डिवीजन में ट्रामबे ओएचई को पारंपरिक ओएचई में परिवर्तित करने का प्रस्ताव। 2) वाडी यार्ड - एनआरडी लाइनों के सीएसएल को बढाने के लिए पॉइंट और स्टार्टर सिग्नलों को सोलापुर छोर की ओर 40 मीटर तक शिफ्ट करना। **कार्य की लागत:** ₹2,79,90,701.48. **बयाना राशि:** ₹ 2,90,000/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह. **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय: दि. 23.12.2025** को **15:00 बजे।**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.)
मध्य रेल, सोलापुर
Akar/Sur-76

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे


# मुंबई में पहली बार होगा 'मुंबई क्लाइमेट वीक' का आयोजन



**17-19 फरवरी 2026 को जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार और मुंबई नगर निगम के सहयोग से भारत के पहले व्यापक जलवायु-केंद्रित मंच 'मुंबई क्लाइमेट वीक' का आयोजन 17 से 19 फरवरी 2026 तक जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को औपचारिक आमंत्रण भेजा गया है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) 'इनोवेशन चैलेंज पार्टनर' की भूमिका निभाएगा। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिशिर जोशी ने बताया कि मुंबई क्लाइमेट वीक का उद्देश्य विचार-विमर्श को ठोस कार्ययोजनाओं में बदलना है। उन्होंने कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ साझेदारी से ऐसे नवाचारों की पहचान आसान होगी।

# विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



**मुंबई।** सांगली जिले के आटपाडी तहसील में विभिन्न राजनीतिक दलों के कई कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में प्रवेश किया। भाजपा में शामिल होने वालों में रमेश उर्फ बंडू शेट कातुरे, पंचायत समिति के पूर्व उपसभापति तानाजी यमगर, ग्राम पंचायत सदस्य प्रमोद राजमाने सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, विधायक गोपीचंद पडळकर और प्रदेश मध्यम विभाग प्रमुख नवनाथ बन उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। यह प्रवेश कार्यक्रम विधायक गोपीचंद पडळकर की पहल पर आयोजित किया गया। भाजपा में प्रवेश करने वालों में विक्रम माने, वैभव भानुसे, गणेश कातुरे, हिराप्पा यमगर, अविराज यादव, कैलास शेंडगे और वैभव खांडेकर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं का नाम शामिल है।


**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और पालिताना के बीच सुपरफास्ट विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन सं. | शुरुआती स्टेशन और डेस्टिनेशन | सर्विस की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09009 | बांद्रा टर्मिनस -पालिताना | 23.11.2025 | 19:25 बजे (रविवार) | 09:25 बजे (अगला दिन) |
| 09010 | पालिताना -बांद्रा टर्मिनस | 24.11.2025 | 20:30 बजे (सोमवार) | 10:45 बजे (अगला दिन) |

**हॉल्ट:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, बोटाद, धोला, सोनगढ़ और सिहोर (गुजरात) स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**कंपोजिशन:** AC 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

टाइमिंग, हॉल्ट और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09009 और 09010 की बुकिंग 22.11.2025 से सभी PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेन स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ



**मध्य रेल**
**ई-निलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक, स्क्रैप की बिक्री : **दिसम्बर – 2025** माह में निम्नानुसार नीलामी करेंगें: **सुचना** :- भविष्य मे माह की ई-नीलामी कार्यक्रम का प्रकाशन समाचार पत्रिका मे बंद कर दिया जायेगा। तब खरिदार मध्य रेल्वे की वेब साईट - **www.ireps.gov.in** पर माह की ई-नीलामी का कार्यक्रम देख सकते है। **दिसम्बर - 2025 माह** के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है :-

| निलामी आयोजन करने वाले अधिकारी | निलामी तिथि एवं दिन | | | | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक नागपुर | 02.12.2025 मंगलवार | 09.12.2025 मंगलवार | 16.12.2025 मंगलवार | 23.12.2025 मंगलवार | 7219612750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक भुसावल और मनमाड डिपो | 03.12.2025 बुधवार | 10.12.2025 बुधवार | 17.12.2025 बुधवार | 24.12.2025 बुधवार | 7219611751 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक पुणे | 04.12.2025 गुरूवार | 11.12.2025 गुरूवार | 18.12.2025 गुरूवार | 26.12.2025 शुक्रवार | 7219613750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई | 08.12.2025 सोमवार | 15.12.2025 सोमवार | 22.12.2025 सोमवार | 29.12.2025 सोमवार | 8828119750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक सोलापुर | 05.12.2025 शुक्रवार | 12.12.2025 शुक्रवार | 19.12.2025 शुक्रवार | 30.12.2025 मंगलवार | 7219614750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल, वरि. सामुग्री प्रबंधक (जी) करी रोड के लिये | 02.12.2025 मंगलवार | 09.12.2025 मंगलवार | 16.12.2025 मंगलवार | 23.12.2025 मंगलवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल | 04.12.2025 गुरूवार | 11.12.2025 गुरूवार | 18.12.2025 गुरूवार | 26.12.2025 शुक्रवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (सीडब्ल्यूई) माटुंगा | 03.12.2025 बुधवार | 10.12.2025 बुधवार | 17.12.2025 बुधवार | 24.12.2025 बुधवार | 8828119770 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई सहा.सामुग्री प्रबंधक हाजीबंदर डिपो के लिये | 02.12.2025 मंगलवार | 09.12.2025 मंगलवार | 16.12.2025 मंगलवार | 23.12.2025 मंगलवार | 8828119750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक [एसीएल] भुसावल | 08.12.2025 सोमवार | 15.12.2025 सोमवार | 22.12.2025 सोमवार | 29.12.2025 सोमवार | 7219611750 |

**टिप्पणी**: यदि आवश्यक हो, तो पात्र लॉट्स के लिए पूरक नीलामी मूल तिथि के अगले कार्य दिवस पर आयोजित की जाएगी। रेलवे प्रशासन को किसी भी पूरक नीलामी को अपने विवेकानुसार रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अन्य निर्देश**: • रेलवे को किसी भी लॉट को ई-नीलामी से हटाने का अधिकार है। रेलवे को किसी भी डिपो / डिवीजन के लॉट को किसी भी उपयुक्त तरीके से आगामी नीलामी में शामिल करने का अधिकार भी सुरक्षित है। किसी भी डिपो / डिवीजन के अप्रयुक्त लॉट्स को केंद्रीय रेलवे के अन्य डिपो / डिवीजन की आगामी नीलामी में बेचा जा सकता है। • भारत सरकार की नीति के अनुसार, जहां स्क्रैप सामग्री के पुनर्चक्रण में पर्यावरण और प्रदूषण से संबंधित मुद्दे शामिल हैं, ऐसे लॉट्स केवल उन्हीं अधिकृत बोलीदाताओं को बेचे जाएंगे जिनके पास केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) द्वारा जारी वैध लाइसेंस हो। • ई - निलामी पुस्तिका **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी। • यदि ई-नीलामी, डिजिटल हस्ताक्षर, पंजीकरण प्रक्रिया या भागीदारी से संबंधित किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया उपरोक्त संबंधित नीलामी अधिकारियों या **उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (बिक्री)/मुख्यालय** से संपर्क करें: • **मोबाइल: 8828110761.** • **ईमेल: dycmms.cstm@gmail.com / dycmms@cr.railnet.gov.in**

AK-678
**प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

## संपादकीय

# चुनौतियों वाली पारी

आखिरकार सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए। जदयू सुप्रीमो ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही सत्ता का एक नया कार्यकाल शुरू कर दिया। यद्यपि हालिया चुनाव में भाजपा ने जदयू से ज्यादा सीटें हासिल करके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उपस्थिति दर्ज करायी है, लेकिन इसके बावजूद चार कम सीट जीतने वाले जदयू के 74 वर्षीय दिग्गज को मुख्यमंत्री बने रहने देना ही बेहतर समझा है। वहीं सहयोगी दल भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के उपमुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। निस्संदेह, नीतीश का पिछला कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने पहले भाजपा के साथ सरकार बनायी और मनभेद के चलते महागठबंधन में शामिल हुए। फिर पलटी लेकर भाजपा के साथ सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद बिहार की जनता ने उनकी इस उलट-पलट को माफ ही कर दिया। संभवतः उनकी इस अपील पर वोट दिया कि यह उनकी आखिरी पारी है। जनता ने उनके नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के स्थायित्व पर भरोसा जताया। शायद बिहार की जनता जंगल राज के दुःस्वप्न को नहीं भूली है। एक बात तो तय है कि राज्य की जनता ने तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद बिहार के भविष्य के लिये उन्हें बेहतर माना है। यही वजह है कि रिकॉर्ड दसवीं बार शपथ लेने वाले नीतीश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सुशासन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक अनुभवी प्रशासक बताया है। लेकिन राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि भाजपा कब तक छोटे भाई की भूमिका में रहेगी? विपक्ष को संदेह है कि नीतीश शायद ही अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्हें आशंका है कि भाजपा किसी न किसी स्तर पर बिहार में पार्टी का मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी। राजनीतिक विश्लेषक महाराष्ट्र का उदाहरण देते हैं, जहां भाजपा ने पहले शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया और बाद में उन्हें हटाकर देवेंद्र फड़नवीस को कुर्सी पर बैठा दिया। वहीं कुछ राजनीतिक पंडितों का तर्क है कि भाजपा के पास केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं है, इसलिए एनडीए सरकार को सहारा देने के लिये भाजपा को नीतीश के समर्थन की जरूरत बनी रहेगी। इस बात से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि जदयू अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिये बेहतर स्थिति में है। बहरहाल, नीतीश की तात्कालिक प्राथमिकताएं बेरोजगारी दूर करने और पलायन पर अंकुश लगाने की होनी चाहिए। हकीकत यह है कि राज्य में रोजगार संकट के चलते बिहार के तीन घरों में से दो का एक सदस्य दूसरे राज्य में काम करने को मजबूर है। साथ ही नीतीश को सरकार बनाने में भरपूर समर्थन देने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रमुख चुनावी वायदे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए। इसके अलावा उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जदयू मजबूत और अक्षुण्ण बना रहे। यह अवश्यंभावी है कि भाजपा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी उन्हें सतर्क बनाए रखेगी। भाजपा के मन में यह कसक जरूर रहेगी कि सबसे बड़े दल के रूप में उदय होने पर भी पार्टी बिहार में अब तक अपनी सरकार नहीं बना पायी है। ऐसे में नीतीश को बाहरी विपक्षी से तो नहीं, गठबंधन के दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से जूझना पड़ेगा। वहीं प्रचंड बहुमत देने पर जनता की उम्मीदें भी उफान पर रहेंगी। राजग द्वारा चुनाव के दौरान तमाम वायदे किए गए थे, लेकिन राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर इन सब वायदों को पूरा करना आसान न होगा।

# सुरक्षा में चूक, जिम्मेदारी किसकी?



**राजेश कसेरा**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं सम सामयिक विश्लेषक**




दिल्ली ब्लास्ट को आतंकी हमला करार दिए जाने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेदारी किसकी है? विपक्ष भी इसी मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहा है तो देश के बुद्धिजीवी वर्ग के बीच भी यही सवाल गूंज रहा है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भी सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में देश की सुरक्षा एजेंसियां थीं। उस समय ये सवाल उठे थे कि कैसे पाकिस्तानी आतंकी आसानी से घुसपैठ कर पहलगाम तक आ गए और 28 बेकसूर लोगों की जान ले ली। इस बार भी आतंकी देश की राजधानी दिल्ली में अपने मंसूबों को अंजाम देने में कामयाब हो गए और 13 निर्दोष नागरिकों को मार दिया। इस बार हमले से पहले दहशतगर्दों पर शिकंजा कसने के त्वरित कदम तो उठाये गए पर आतंकी हमले को रोक नहीं पाए। इससे ये सच भी सामने आ गया कि सुरक्षा एजेंसियों की नाक के नीचे देश को दहलाने की साजिश होती रही। दिल्ली ब्लास्ट के बाद जांच के दौरान एक एक करके परतें तो उधड़ रही हैं लेकिन ये तथ्य भी उजागर हो गए कि आतंकी लम्बे समय से देश को दहलाने की साजिश रच रहे थे। वे आने वाले 6 दिसंबर के दिन बड़े हमले की तैयारी में जुटे थे। यह दिन भारत के इतिहास में बाबरी मस्जिद को ढहाने के लिए याद किया जाता है। 33 साल पहले इसी दिन उत्तर प्रदेश के अयोध्या में यह घटना घटी थी और इतिहास में प्रमुखता के साथ दर्ज है। इस दिन राम मंदिर की सांकेतिक नींव रखने के लिए उमड़ी भीड़ ने बाबरी मस्जिद गिरा दी थी। इस घटना के बाद देश के कई इलाकों में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे, जिनमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। इसके बाद साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राम जन्मभूमि भूमि विवाद समाप्त हुआ और 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस ऐतिहासिक क्षण की पहली वर्षगांठ से पूर्व इस तरह का षड्यंत्र सामने आने से एक बात तो साफ़ हो गई कि देश के अंदर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। कुछ कट्टरपंथी ताकतें देश के सौहार्द को बिगाड़ने के लिए मंसूबे पाले बैठी हैं और इस पर लगाम कसने वाले बर्बरता होने के बाद चेत रहे हैं।

दिल्ली धमाके की साजिश में पढ़े-लिखे डॉक्टर्स की लिप्तता सामने आने के बाद ये भी उजागर हो गया कि आतंक का खुला खेल ऐसी जमात सोच-समझकर और जान-बूझकर खेल रही है जो पढ़ी-लिखी भी है और तकनीक में दक्ष भी। हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार महिला डॉ. शाहीन शाहिद भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग जमात-उल-मोमीनात की प्रमुख है। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इस महिला विंग की प्रमुख है। ऐसे में दिल्ली लाल किला कार धमाका और जैश आतंकी ग्रुप के बीच लिंक सामने आ रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि हमला करीब 15-20 दिनों में पकड़े गए व्हाइट-कॉलर रेडिकलाइज्ड मॉड्यूल्स से संबंधित है। ये भी सामने आया कि आतंकी ऑपरेशन सिन्दूर का बदला लेने के लिए ये सारी प्लांनिंग कर रहे थे। देश की सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को आतंक और आतंकियों पर लगाम कसनी है तो इनसे एक कदम आगे सोचना होगा। अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिकतम तकनीकों को अपनाने के साथ परंपरागत खुफिया तंत्र को भी उन्नत करना होगा। दिल्ली में धमाके के बाद सामने आया कि खुफिया अलर्ट जारी किया गया था, फिर चूक कहां हुई? अगर खुफिया जानकारी थी तो दिल्ली के इतने संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाके में कार भारी विस्फोटक के साथ कैसे घुस गई? क्या सुरक्षा जांच में पुलिस विस्फोटक सामग्री को पकड़ नहीं पाई? क्या आतंकी ने शातिर तरीके से विस्फोटकों को छिपाकर रखा था ताकि मेटल डिटेक्टर से बच जाए? मामले में दिल्ली पुलिस से भी कहीं न कहीं तो चूक हुई जिससे 13 साल बाद आतंकियों को देश की राजधानी को दहलाने का मौका मिल गया। ये केवल राजधानी पर हमला नहीं है बल्कि देश की अस्मिता को सीधे चुनौती देना भी है।

पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता सामने आने के बाद उसे और दुनिया को कड़ा संदेश देने के लिए हमने ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था। लेकिन घर के अंदर छिपे आतंकियों को जमींदोज करने के लिए ठोस और कारगर कदम उठाने की जरूरत है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद विपक्ष ने मुखर होकर ये आंकड़े देश के सामने रखे कि बीते 7 महीनों में 41 भारतीय आतंकी हमलों में मारे गए। इस दौरान देश के गृह मंत्रालय से चूक हुई तो सुरक्षा की चिंता करने वाली सुरक्षा एजेंसियों से भी। किसी को तो इसकी जवाबदेही लेनी होगी। साथ ही भविष्य में देश के नागरिकों का और खून नहीं बहे इसके पुख्ता बंदोबस्त करने होंगे। इस हमले के पीछे कश्मीर से जुड़े दहशतगर्द पाए गए। मोदी सरकार पिछले 11 सालों में बार-बार दावा करती रही कि कश्मीर में सब ठीक है और अनुच्छेद 370 हटने के बाद नया दौर शुरू हो गया है। लेकिन वहां पर महीनों से आतंकी नेटवर्क का सक्रिय रहना और बीते डेढ़ साल में तीन हजार किलो विस्फोटक के साथ अन्य गोला-बारूद का जखीरा मिलना किसी बड़े खतरे का अंदेशा दे रहा है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कई पोस्टर बरामद किये जो श्रीनगर के बाहरी इलाकों में मिले। यह नजारा 370 हटने के बाद घाटी में आम नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह लंबी और गहरी जांच की परतें हैं जिनको उन्हें जल्द से जल्द सुलझाना ही होगा। दिल्ली धमाका पहलगाम हमले के सिर्फ सात महीने बाद हुआ, जिसने एक दशक से चली आ रही भारत की शांति को भंग कर दिया। आतंक नए रूप में लौट रहा है और कई राज्यों में इसका नेटवर्क भी फैल रहा है। इसमें व्हाइट-कॉलर अपराधियों की गहरी भूमिकाएं सामने आ रही हैं।

दिल्ली देश का दिल है। यहां धमाका सिर्फ एक शहर पर हमला नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास और वैश्विक उभार पर प्रहार है। मगर भारत वह देश नहीं जो झुके या डरे। जो ताकतें भारत की प्रगति से जल रही हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि यह नया भारत है, जो केवल हमला झेलता नहीं बल्कि जवाब देना भी जानता है। दिल्ली ब्लास्ट को भी देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसा समझना होगा और उसी तरह से पलटवार करना होगा तभी जाकर भारत में अमन-चैन कायम रह पाएगी और देश के तय लक्ष्य पूरे हो पाएंगे। टेरर के खिलाफ केवल जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी।

## जीवन मंत्र

# सवाल मौत के बाद का नहीं, मौत से पहले जीने का है

**जिसने अपने जीवन को अर्थपूर्ण बना लिया, उसके लिए मृत्यु डर नहीं, बल्कि एक शांत परिवर्तन बन जाती है। ऐसा व्यक्ति अपने पीछे केवल स्मृतियाँ नहीं, बल्कि प्रेरणाएँ छोड़ जाता है। वह दूसरों के जीवन में उजाला बन जाता है, क्योंकि उसने खुद के जीवन को सच्चे अर्थों में "जीया" होता है।**

जीवन के सबसे गहरे और बुनियादी प्रश्नों में से एक को छूता है। यह केवल एक दार्शनिक विचार नहीं, बल्कि आत्मचेतना का आह्वान है। हम सब किसी न किसी रूप में मृत्यु से डरते हैं, पर बहुत कम लोग इस बात पर ध्यान देते हैं कि क्या वे वास्तव में "जी" भी रहे हैं। हम अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा भविष्य की चिंताओं और अतीत के पछतावों में बिताते हैं। इसी भागदौड़ में हम वर्तमान क्षण को जीना भूल जाते हैं। यह वाक्य हमें उसी खोए हुए वर्तमान में लौटने की प्रेरणा देता है — जहाँ जीवन अपनी सच्ची चमक में बसता है। जीवन का असली अर्थ सांस लेना या कार्य करते रहना नहीं है। जीवन का अर्थ है — हर क्षण को पूर्णता से अनुभव करना, महसूस करना, और उसमें अर्थ खोजना। लेकिन अधिकतर लोग ऐसा नहीं करते। वे केवल दिनचर्या के गुलाम बन जाते हैं — सुबह उठना, काम पर जाना, तनाव झेलना और रात को थके हुए सो जाना। यह एक जीवित शरीर का जीवन है, लेकिन जीवंत आत्मा का नहीं। जो व्यक्ति अपनी भावनाओं, अपने सपनों और अपने अनुभवों को गहराई से नहीं जीता, वह भले ही जीवित हो, पर भीतर से "मृत" जैसा हो जाता है। यही कारण है कि यह वाक्य हमें चुनौती देता है — "क्या तुम वास्तव में जीवित हो?"



जब कोई व्यक्ति सच्चे अर्थों में जीना शुरू करता है, तो उसका जीवन बदल जाता है। वह छोटी-छोटी बातों में भी आनंद खोजने लगता है — सूरज की किरणों में, किसी बच्चे की मुस्कान में, अपने काम के प्रति समर्पण में, और अपने प्रियजनों की उपस्थिति में। उसे समझ आता है कि जीवन का अर्थ बाहरी सफलता या प्रसिद्धि में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष में है। जब व्यक्ति अपने भीतर झाँकना सीखता है, तो उसे पता चलता है कि खुशी कहीं बाहर नहीं, बल्कि उसी के भीतर छिपी है। यही जागरूकता उसे सच्चा जीवन देती है — ऐसा जीवन, जो मृत्यु से परे भी अर्थपूर्ण लगता है।

मृत्यु का भय तब कम हो जाता है जब व्यक्ति यह समझ लेता है कि मृत्यु केवल शरीर की समाप्ति है, आत्मा की नहीं। लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति अपनी हर साँस को प्रेम, साहस और सृजन से भर दे। जिसने अपने जीवन को अर्थपूर्ण बना लिया, उसके लिए मृत्यु डर नहीं, बल्कि एक शांत परिवर्तन बन जाती है। ऐसा व्यक्ति अपने पीछे केवल स्मृतियाँ नहीं, बल्कि प्रेरणाएँ छोड़ जाता है। वह दूसरों के जीवन में उजाला बन जाता है, क्योंकि उसने खुद के जीवन को सच्चे अर्थों में "जीया" होता है।

आख़िर में, यह वाक्य एक गहरी चेतावनी और प्रेरणा दोनों है। यह कहता है — "मृत्यु तो निश्चित है, लेकिन जीवन को व्यर्थ करना तुम्हारे हाथ में है।" इसलिए डर में नहीं, प्रेम में जियो; जल्दबाज़ी में नहीं, सजगता में जियो; और सबसे बढ़कर, अपने सच्चे अस्तित्व को पहचानो।

## शख्सियत — शांति घोष

# बंगाल की वीर क्रांतिकारी



शांति घोष (22 नवंबर 1916 – 1989) एक भारतीय राष्ट्रवादी थीं, जिन्होंने सुनीति चौधरी के साथ मिलकर 16 साल की उम्र में एक ब्रिटिश जिला मजिस्ट्रेट की हत्या कर दी थी। वे सशस्त्र क्रांतिकारी संघर्ष में भाग लेने के लिए जानी जाती हैं। घोष का जन्म 22 नवंबर 1916 को ब्रिटिश भारत (अब बांग्लादेश) के कुमिला में हुआ था। वह बंगाल से ताल्लुक रखती थीं और देवेंद्रनाथ घोष की बेटी थीं, जो एक राष्ट्रवादी और कोमिला के विक्टोरिया कॉलेज में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर थे।

1931 में, जब भारत स्वतंत्रता आंदोलन की उग्र लहरों से गुजर रहा था, उसी समय शांति घोष जैसी युवा छात्राएँ भी स्वतंत्रता के लिए समर्पित हो रही थीं। शांति घोष छत्री संघ (गर्ल्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन) की संस्थापक सदस्यों में से एक थीं, जिसका उद्देश्य लड़कियों में शिक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना था। इस संगठन की सचिव के रूप में उन्होंने युवतियों को संगठित किया, उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलाया और उन्हें यह जागरूक किया कि ब्रिटिश शासन के अन्याय का सामना केवल साहस और एकता से ही किया जा सकता है। अपनी शिक्षिका प्रोफुलनंदिनी ब्रह्मा के विचारों और प्रेरणा ने शांति के भीतर क्रांतिकारी भावनाओं को और मजबूत किया, जिसके चलते वे युगांतर पार्टी से जुड़ गईं। यह संगठन ब्रिटिश सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए हिंसात्मक प्रतिरोध का मार्ग अपनाने के लिए प्रसिद्ध था, और इसी के तहत शांति ने तलवार, लाठी और पिस्तौल जैसी हथियारों से आत्मरक्षा तथा आक्रमण दोनों का प्रशिक्षण लिया।

14 दिसंबर 1931 का दिन भारतीय क्रांतिकारी इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया। उस दिन शांति घोष और उनकी साथी सुनीति चौधरी, जो उम्र में केवल 14 वर्ष की थीं, एक साहसिक योजना के तहत ब्रिटिश जिला मजिस्ट्रेट चार्ल्स जेफ्री बकलैंड स्टीवंस के कार्यालय पहुँचीं। उन्होंने क्रिसमस से पहले उपहार देने का बहाना बनाया ताकि वे बिना शक के मजिस्ट्रेट के पास पहुँच सकें। ब्रिटिश अधिकारी को जब मिठाइयाँ पसंद आईं, उसी क्षण दोनों लड़कियों ने अपने शॉल के नीचे छिपाई हुई पिस्तौलें निकालीं और ऐतिहासिक वाक्य कहा—"अच्छा, ये कैसा रहेगा मिस्टर मजिस्ट्रेट?" उसी पल उन्होंने गोली चला दी, और मजिस्ट्रेट वहीं ढेर हो गया। यह घटना पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई — दो कम उम्र की भारतीय लड़कियों द्वारा ब्रिटिश प्रशासन को ऐसी खुली चुनौती मिलना बेहद असामान्य था।

इस साहसिक कार्रवाई के बाद शांति और सुनीति को तुरन्त गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में उन्हें कठोर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रिहाई के बाद शांति घोष ने स्वयं को केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने बंगाली महिला कॉलेज में अध्ययन किया और आगे चलकर भारत के कम्युनिस्ट आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। हालांकि बाद में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से भी जुड़ीं, जो यह दर्शाता है कि उनका उद्देश्य किसी विचारधारा तक सीमित नहीं था, बल्कि भारत की प्रगति और जनकल्याण से जुड़ा था। 1942 में उन्होंने प्रोफेसर चित्तरंजन दास से विवाह किया। राजनीति में भी उन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई—1952 से 1962 और फिर 1967 से 1968 तक पश्चिम बंगाल विधान परिषद की सदस्य रहीं। 1962 से 1964 के दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल विधान सभा में भी प्रतिनिधित्व किया। अपने साहित्यिक योगदान के रूप में उन्होंने "अरुण बहनी" नामक पुस्तक लिखी।

1989 में शांति घोष का निधन हो गया, लेकिन उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए साहस, देशप्रेम और त्याग का चमकता हुआ उदाहरण है। उनके द्वारा ब्रिटिश सत्ता को दी गई चुनौती यह साबित करती है कि स्वतंत्रता केवल हथियारों से नहीं, बल्कि अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय से भी हासिल होती है।


## जीवन ऊर्जा

आंद्रे गिडे : जन्म- 22 नवंबर 1869 — जन्म

# झूठे प्यार से अच्छा है, सच्चे रूप के लिए नफरत

**आंद्रे पॉल गिलियूम गिड (22 नवंबर 1869 - 19 फरवरी 1951) एक फ्रांसीसी लेखक थे, जिनके लेखन में विविध शैलियों और विषयों का समावेश था। उन्हें 1947 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। गिड का करियर प्रतीकवादी आंदोलन में उनकी शुरुआत से लेकर दो विश्व युद्धों के बीच साम्राज्यवाद की आलोचना तक फैला हुआ था। 150 से अधिक पुस्तकों के लेखक, उन्हें न्यूयॉर्क टाइम्स के शोक संदेश में फ्रांस के सबसे महान समकालीन साहित्यकारर के रूप में वर्णित किया गया था और साहित्यिक जानकारों द्वारा उन्हें इस सदी का सबसे महान फ्रांसीसी लेखक माना गया था।**

हम अक्सर लोगों की पसंद, उनके विचारों और उनकी अपेक्षाओं के अनुसार खुद को बदलने की कोशिश करते हैं, ताकि हमें स्वीकार किया जाए या सराहा जाए। लेकिन ऐसा करने में हम धीरे–धीरे अपनी असली पहचान, अपने मूल मूल्य और अपने आत्मसम्मान को खोने लगते हैं। दूसरों द्वारा दिया गया यह प्यार भी अस्थायी और बनावटी होता है, क्योंकि वह हमारे असली स्वभाव को नहीं, बल्कि एक नकली रूप को पसंद कर रहा होता है। ऐसे में यह वाक्य हमें चेतावनी देता है कि बाहरी मान्यता के लिए स्वयं को खोना सही रास्ता नहीं है।



जब कोई व्यक्ति आपके सच्चे रूप को देखता है—आपकी कमज़ोरियाँ, आपकी गलतियाँ, आपका स्वभाव, आपकी सोच—और फिर भी आपको स्वीकार करता है, वही प्यार वास्तविक होता है। लेकिन अगर कोई आपकी सच्चाई को देखकर नफरत करे, तो भी यह अधिक सच्चा और प्रामाणिक होता है, क्योंकि वह प्रतिक्रिया आपकी वास्तविकता पर आधारित होती है, न कि किसी कृत्रिम छवि पर। इसका अर्थ यह है कि यदि आप स्वयं होकर आलोचना झेलते हैं, तो वह आलोचना ईमानदार है और आपको अपना सुधार करने का अवसर देती है। लेकिन अगर आप एक दिखावे वाले व्यक्तित्व से प्यार पाते हैं, तो वह न तो वास्तविक होता है और न ही स्थायी, क्योंकि वह झूठ पर टिका होता है।

सच्चाई यह है कि जीवन में हर कोई आपके वास्तविक रूप को पसंद नहीं करेगा—और यह बिल्कुल स्वाभाविक है। हर व्यक्ति की सोच, पसंद, मूल्य और दृष्टिकोण अलग होते हैं। इसलिए सभी से प्रशंसा पाने की कोशिश करना अपने आप से बेईमानी करने जैसा है।

## अपने विचार



भाजपा सरकार की नीति लोगों को डराकर कारोबार न करने देने की है। हर किसी को अपनी बात कहने का हक है। भाजपा वाले सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। ये संकीर्ण सोच है और गहरी साजिश है। किसी की जीविका छीनने का अधिकार सरकार को कैसे मिला।

**–अखिलेश यादव**, अध्यक्ष, सपा



चाचा पारस ने कभी गाली दी थी, चांडाल कहा था, तब भी उनकी बातें आशीर्वाद की तरह थीं क्योंकि वे बड़े हैं। अब वे सही में बधाई दे रहे हैं तो उनकी शुभकामनाएं सिर आंखों पर है।

**–चिराग पासवान**, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार



जब आप तमिल सीखने के लिए इतने ही बेताब हैं, तो बच्चों को हिंदी और संस्कृत क्यों पढ़ा रहे हैं?

**–स्टालिन**, सीएम, तमिलनाडु



'सरकार और पार्टियों के मामलों में मैं बहुत हस्तक्षेप नहीं करता, लेकिन मणिपुर में सरकार अवश्य होनी चाहिए और मेरी जानकारी के अनुसार, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**–मोहन भागवत**, RSS प्रमुख

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जप साधना में आने वाले अवरोध और उनका आध्यात्मिक अर्थ

जप साधना एक ऐसा मार्ग है जिसमें मन, वाणी और भाव—तीनों का शुद्ध होना आवश्यक है। जब कोई साधक ईश्वर के नाम का निरंतर स्मरण करता है, तो उसके भीतर एक आंतरिक परिवर्तन शुरू होता है। लेकिन यह परिवर्तन सहज नहीं होता; इसके मार्ग में कई अवरोध आते हैं। अक्सर लोग इन अवरोधों को नकारात्मक मान लेते हैं, जबकि वास्तव में यह साधना की स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। जैसे अग्नि में तपकर ही सोना शुद्ध होता है, वैसे ही जप के मार्ग में आई कठिनाइयाँ साधक के भीतर छिपी अशुद्धियों को बाहर लाती हैं।




**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

पहला बड़ा अवरोध मन की चंचलता है। साधक जब नामजप शुरू करता है, तो मन इधर-उधर भागने लगता है। कभी पुराने विचार आते हैं, कभी भविष्य की चिंता, कभी इच्छाएँ तो कभी डर। यह मन की प्रकृति है; वह स्थिर रहना नहीं चाहता। पर इन विचारों का आना यह संकेत भी है कि मन में कितना अव्यवस्था भरा पड़ा है। जप इन अस्थिरताओं को सतह पर लाता है ताकि साधक उन्हें पहचान सके और धीरे-धीरे उन पर नियंत्रण पा सके। यही अवरोध वास्तव में ध्यान और एकाग्रता के विकास का पहला चरण होता है।

दूसरा अवरोध है शारीरिक आलस्य और थकान। कई बार जप के समय शरीर भारी लगता है, नींद आने लगती है या साधक को ऊब महसूस होती है। यह भी साधना के प्रारंभिक चरण में सामान्य है, क्योंकि शरीर और मन अभी उस ऊर्जा और गति के अभ्यस्त नहीं हुए हैं जो जप पैदा करता है। जब साधक निरंतरता बनाए रखता है, तो यही आलस्य धीरे-धीरे शक्ति, जागृति और हल्केपन में बदल जाता है। यह अवरोध साधक को शरीर के प्रति सजग होने और अनुशासन विकसित करने में मदद करता है।

तीसरा अवरोध होता है भावनात्मक उथल-पुथल। जप के दौरान कई बार पुराने दुख, क्रोध, अपराधबोध, डर, और दबी हुई भावनाएँ जागने लगती हैं। साधक को लगता है कि वह पीछे जा रहा है, पर वास्तव में वह आगे बढ़ रहा होता है। जप साधना मन के तल पर जमा कचरे को हिलाता है, जिससे वह ऊपर आकर बाहर निकल सके। यह प्रक्रिया कभी-कभी कष्टकारी लग सकती है, लेकिन यह आंतरिक शुद्धि का आवश्यक भाग है। भावनाएँ बाहर आती हैं ताकि साधक उनसे मुक्त हो सके।



चौथा अवरोध है संदेह और निराशा। साधक को कभी लगता है कि जप का फल नहीं मिल रहा, कभी लगता है कि शायद यह मार्ग उसके लिए नहीं है। यह अध्यात्म में तमस की अवस्था कहलाती है। यह अवरोध साधक की दृढ़ता की परीक्षा है। जब कोई इन संदेहों से ऊपर उठता है, तभी उसकी आस्था मजबूत होती है। जैसे अंधेरी रात के बाद ही सूर्योदय होता है, वैसे ही इस आंतरिक अँधेरे के बाद साधक को प्रकाश अधिक स्पष्ट रूप से दिखने लगता है।

पाँचवाँ अवरोध है बाहरी विक्षेप—शोर, लोगों की टिप्पणियाँ, परिवार के काम, मोबाइल, सोशल मीडिया आदि। ये साधक की एकाग्रता को तोड़ते हैं। लेकिन इनसे निपटना ही साधना है। बाहरी दुनिया हमेशा व्यस्त और आकर्षक रहेगी, पर साधक को सीखना होता है कि वह अपने भीतर ऐसी जगह बनाए जहाँ कोई शोर नहीं पहुँचता। यही क्षमता उसे जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी स्थिर और संतुलित बनाती है। इस अवरोध का अर्थ है—बाहरी परिस्थितियाँ नहीं बदलेंगी, बदलना हमें है।

छठा अवरोध होता है अहंकार का उभरना। जैसे-जैसे साधक थोड़ा आगे बढ़ता है, उसे लगता है कि वह दूसरों से अधिक आध्यात्मिक है या वह कुछ विशेष अनुभव कर रहा है। यह अहंकार जप की सबसे खतरनाक बाधाओं में से एक है। जप साधना विनम्रता सिखाती है और अहंकार को पिघलाती है। लेकिन अहंकार जब सतह पर आता है, तब ही उसे पहचाना जा सकता है। यह बाधा साधक को यह समझाती है कि सच्चा जप वहीं सफल होता है जहाँ 'मैं' छोटा होता है और 'नाम' बड़ा।

अंतिम अवरोध है फल की इच्छा—कि मुझे क्या मिलेगा, कब मिलेगा, और क्यों नहीं मिल रहा। जप साधना में सबसे बड़ी मुक्ति यही है कि साधक बिना किसी अपेक्षा के जप करे। जब फल की चिंता छोड़ दी जाती है, तब जप सहज, गहरा और आनंदमय हो जाता है। यह अवरोध साधक को त्याग, धैर्य और समर्पण का महत्व सिखाता है—जो किसी भी आध्यात्मिक प्रगति की नींव हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### उल्हासनगर के व्यापारियों ने भाजपा में किया प्रवेश



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-5 के कई प्रमुख व्यापारियों ने भाजपा की नीतियों, कार्यपद्धति और केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में विधिवत प्रवेश किया। उल्हासनगर भाजपा जिल्हा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिल्हाध्यक्ष राजेश वधर्या, विधायक कुमार आयलानी, चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। व्यापारियों के शामिल होने से संगठन मजबूत होने और क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

### शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण



**नवी मुंबई।** नेरुल सेक्टर 1 स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शिवाजी महाराज की सिंहासनारूढ़ प्रतिमा का अनावरण तथा सेक्टर 15 स्थित माँसाहेब मीनाताई ठाकरे अस्पताल में माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला का उद्घाटन वन मंत्री गणेश नाईक, विधायक मंदाताई म्हात्रे और नगर आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. संजीव नाईक, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत जावड़े और अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिव प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई और पूरा चौक 'जय भवानी-जय शिवाजी' के नारों से गूंज उठा। राजीव गांधी फ्लाईओवर के पास लंबे समय से नागरिकों की मांग पर 12 फीट ऊंची और 2.5 टन वजनी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके चारों ओर मावलों और तोपों की मूर्तियाँ भी लगाई गई हैं। शिल्पसृष्टि कला प्रतिष्ठान के प्रो. मोरेश्वर पवार द्वारा निर्मित यह प्रतिमा गुंबददार छतरी के नीचे स्थापित की गई है और आसपास का क्षेत्र ऐतिहासिक माहौल के अनुरूप सुंदर बनाया गया है। अधिकारियों का मानना है कि यह प्रतिमा लोगों में छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रेरणादायक चरित्र के प्रति नई चेतना और ऐतिहासिक गौरव जगाने का काम करेगी।

# बेलापुर और पनवेल के बीच विशेष ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल बेलापुर और पनवेल के बीच विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के लिए 22 नवंबर की मध्यरात्रि से 23 नवंबर की दोपहर तक विशेष ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लेगी। पनवेल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 के मुंबई एंड पर टर्नआउट को हटाने और पुनः स्थापित करने के लिए यह ब्लॉक आवश्यक है।

### रात 23.45 से अगले दिन 11.45 बजे तक ब्लॉक लागू

ब्लॉक 22 नवंबर को रात 23.45 बजे शुरू होगा और 23 नवंबर को सुबह 11.45 बजे समाप्त होगा। इस अवधि में बेलापुर और पनवेल के बीच अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही बंद रहेगी।

### बेलापुर-पनवेल के बीच लोकल सेवाएं बंद

ब्लॉक के दौरान बेलापुर और पनवेल के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। हार्बर लाइन की लोकलें बेलापुर/नेरुल/वाशी पर शॉर्ट-टर्मिनेट या शॉर्ट-ओरिजिनेट की जाएंगी। ट्रांस-हार्बर लाइन पर सेवाएं ठाणे और नेरुल/वाशी के बीच चलेंगी।

### हार्बर लाइन की कई लोकलें रद्द होंगी

23 नवंबर को CSMT से पनवेल और बेलापुर के लिए जाने वाली कई डाउन लोकलें रद्द रहेंगी। इसी तरह वाशी, बेलापुर और पनवेल से निकलने वाली कई अप सेवाएं भी रद्द रहेंगी। यात्रियों को यात्रा से पहले समय सारिणी की जांच करने की सलाह दी गई है।

### ब्लॉक से पहले आखिरी डाउन हार्बर लोकल

ब्लॉक शुरू होने से पहले पनवेल के लिए आखिरी डाउन हार्बर लोकल CSMT-पनवेल सेवा होगी, जो 23 नवंबर को रात 00.40 बजे CSMT से रवाना होगी। ब्लॉक से पहले ठाणे-पनवेल की आखिरी लोकल 22 नवंबर को रात 23.14 बजे ठाणे से निकलेगी, जबकि ठाणे-बेलापुर की आखिरी लोकल 23 नवंबर को 00.05 बजे रवाना होगी।

### ब्लॉक से पहले आखिरी अप हार्बर लोकल

अप दिशा की आखिरी हार्बर लोकल पनवेल-CSMT सेवा होगी, जो 23 नवंबर को सुबह 04.49 बजे पनवेल से निकलेगी। 23 नवंबर को ब्लॉक समाप्त होने के बाद डाउन दिशा में पनवेल के लिए पहली हार्बर लाइन लोकल CSMT-पनवेल सेवा होगी, जो 10.52 बजे चलेगी। इसी तरह ट्रांस-हार्बर लाइन पर ठाणे-पनवेल की पहली लोकल 12.49 बजे चलेगी।

### ब्लॉक के बाद पहली अप हार्बर और ट्रांस-हार्बर लोकलें

ब्लॉक के बाद पनवेल-वडाला रोड की पहली अप लोकल 12.03 बजे चलेगी, जबकि पनवेल-CSMT की पहली अप लोकल 12.07 बजे रवाना होगी। ट्रांस-हार्बर लाइन पर पनवेल-ठाणे की पहली अप लोकल 12.19 बजे चलेगी।

### डाउन लोकल का शॉर्ट टर्मिनेशन

22 नवंबर को रात 22.50 बजे CSMT से निकलने वाली पनवेल लोकल को बेलापुर में शॉर्ट-टर्मिनेट किया जाएगा ताकि ब्लॉक के दौरान ट्रैक उपलब्ध रह सके। ब्लॉक अवधि में पनवेल से 09.28 और 11.28 बजे चलने वाली अप लोकलें वाशी से शॉर्ट-ओरिजिनेट होंगी। पनवेल की 11.52 बजे वाली अप लोकल बेलापुर से शुरू होगी।

### ट्रांस-हार्बर लाइन की ट्रेनें भी प्रभावित

22 और 23 नवंबर को ट्रांस-हार्बर लाइन पर ठाणे से पनवेल और नेरुल के लिए कई डाउन लोकलें रद्द रहेंगी। वाशी, नेरुल और पनवेल से ठाणे के लिए कई अप लोकलें भी रद्द की गई हैं। ठाणे से 22 और 23 नवंबर की मध्यरात्रि के दौरान पनवेल के लिए चलने वाली कुछ लोकलें बेलापुर में शॉर्ट-टर्मिनेट होंगी। 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे ठाणे से चलने वाली डाउन लोकल नेरुल से शॉर्ट-ओरिजिनेट होगी।

### छत्रपति शिवाजी महाराज हॉस्पिटल में प्रोस्टेट बढ़ने के बारे में लगाया अवेयरनेस कैंप



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज हॉस्पिटल में प्रोस्टेट अवेयरनेस वीक के तहत जागरूकता कार्यक्रम और जांच कैंप का आयोजन किया गया। यूरोलॉजिस्ट डॉ. हर्षवर्धन गोडबोले ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ पुरुषों में प्रोस्टेट का बढ़ना आम है और पचास साल से ज़्यादा उम्र के पुरुषों में इसके लक्षण अधिक दिखते हैं। उन्होंने कहा कि रोबोटिक डिवाइस की मदद से प्रोस्टेट सर्जरी अब पहले से आसान हो गई है। कार्यक्रम में सीनियर एक्टर डॉ. गिरीश ओक, वरिष्ठ पत्रकार मिलिंद बल्लाल, हॉस्पिटल की डीन डॉ. स्वप्नाली कदम और डॉ. राकेश बारोट समेत कई विशेषज्ञ मौजूद थे।

#### 50 मरीज़ों की जांच, अवेयरनेस बढ़ाने पर जोर

कैंप में कुल 50 मरीज़ों की जांच की गई, जिनका ब्लड टेस्ट और प्रोस्टेट से संबंधित विशेष परीक्षण किए गए। मरीजों को दवाइयों और आगे के इलाज के बारे में मार्गदर्शन भी दिया गया। इस पहल से लोगों में प्रोस्टेट स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली।

## नेरुल अस्पताल में अत्याधुनिक माइक्रोबायोलॉजी लैब स्थापित

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई महानगरपालिका नेरुल स्थित माँसाहेब मीनाताई ठाकरे अस्पताल की दूसरी मंजिल पर अत्याधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला स्थापित की गई है। यह लैब श्री आदित्य बिड़ला फाउंडेशन द्वारा प्राइड इंडिया संस्थान के सहयोग से उपलब्ध कराए गए 80 लाख रुपये के सीएसआर फंड से तैयार की गई है। संक्रामक रोगों



के अध्ययन, सटीक निदान और मरीजों के नैदानिक प्रबंधन में यह प्रयोगशाला महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैक्टीरिया, वायरस, फंगस एवं परजीवियों की पहचान कर सही एंटीबायोटिक उपचार शुरू करने में मदद करने वाली यह सुविधा महामारीजन्य रोगों की रोकथाम में भी प्रभावी सिद्ध होगी। लैब में ब्लड, यूरिन, स्टूल, स्पुतम सहित विभिन्न कल्चर एवं सेंसिटिविटी टेस्ट, कोविड-स्वाइन फ्लू के लिए आरटी-पीसीआर और एचआईवी, एचसीवी, एचबीएसएजी जैसी जांच के लिए एलिसा टेस्ट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## 'हमारा काम वादा करना नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष विकास करना है'

### विधायक स्नेहा दुबे ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

ओपी यादव । वसई

वसई विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रभाग समिति 'आई' के तहत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 को विधायक स्नेहा दुबे-पंडित के हाथों भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि वसई में इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्टेशन, साफ-सफाई और सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास की रफ्तार तेज

विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने कहा कि उनका लक्ष्य वसई के लोगों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना है। बेहतर सड़कें, उन्नत ड्रेनेज सिस्टम, सुगम ट्रांसपोर्टेशन और सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था जैसे कार्य वसई की प्रगति को और गति देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका फोकस केवल वादों पर नहीं, बल्कि धरातल पर ठोस विकास पर है।

### स्थानीय प्रतिनिधियों और नागरिकों की सहभागिता

भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रभाग समिति 'आई' के अभियंता मनोज पाटील, भाजपा वसई-विरार शहर जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, जिला सचिव नंदकुमार महाजन, मंडल अध्यक्ष गीतांजलि दरीवाला सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने वसई के व्यापक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# बदलापूर स्टेशन पर 18 नॉन स्टैंडर्ड स्टील गर्डरों की लॉन्चिंग

### लॉन्चिंग के लिए विशेष ट्रैफिक व पावर ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल बदलापूर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (FOB) के निर्माण में तेजी ला रहा है। इसके लिए 37.2 मीटर स्पैन वाले 18 नॉन-स्टैंडर्ड स्टील गर्डरों की लॉन्चिंग के कार्य हेतु 350 एमटी रोड क्रेन का उपयोग किया जाएगा। इस कारण रेलवे ने विशेष ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की घोषणा की है। यह विशेष ट्रैफिक व पावर ब्लॉक 22/23 नवंबर 2025 (शनिवार/रविवार रात्रि) से लेकर 03/04 दिसंबर 2025 (बुधवार/गुरुवार रात्रि) तक चलेगा। ब्लॉक समय प्रतिदिन रात 02:00 बजे से 03:30 बजे तक, यानी कुल 1 घंटे 30 मिनट निर्धारित किया गया है। अप लाइन पर वानगनी (क्रॉसओवर सहित) से अंबरनाथ (क्रॉसओवर को छोड़कर) तक ब्लॉक लागू रहेगा। डाउन लाइन पर अंबरनाथ (क्रॉसओवर को छोड़कर) से वानगनी (क्रॉसओवर सहित) तक कार्य प्रभावित करेगा।



### अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन

ब्लॉक के दौरान 12702 हैदराबाद-CSMT हुसैनसागर एक्सप्रेस: नेरल स्टेशन पर 03:10 से 03:30 बजे तक रोकी जाएगी। 11140 होस्पेट-CSMT एक्सप्रेस: भिवपुरी रोड स्टेशन पर 03:17 से 03:27 बजे तक रेगुलेट होगी।

### अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन

निम्नलिखित गाड़ियाँ कर्जत-पनवेल-दीवा मार्ग से डायवर्ट रहेंगी, साथ ही कल्याण के यात्रियों की सुविधा हेतु पनवेल और ठाणे स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। प्रभावित ट्रेनें हैं 11020 भुवनेश्वर-CSMT कोणार्क एक्सप्रेस और 18519 विशाखापट्टनम-LTT एक्सप्रेस।

### शॉर्ट टर्मिनेशन और ओरिजिनेशन

ब्लॉक अवधि के दौरान लोकल सेवाओं में भी अस्थायी बदलाव किए गए हैं। S1 CSMT-कर्जत लोकल (00:12 प्रस्थान): अंबरनाथ स्टेशन पर शॉर्ट-टर्मिनेट होगी। S2 कर्जत-CSMT लोकल (02:30 प्रस्थान): यह अंबरनाथ स्टेशन से 03:10 बजे शॉर्ट-ओरिजिनेट होकर चलेगी।

## मध्य रेल के मेन लाइन पर मेगा ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल ने इंजीनियरिंग और अनुरक्षण कार्यों के लिए 23 नवंबर 2025 (रविवार) को मेन लाइन उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक की घोषणा की है। इसके चलते कई लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट में बदलाव किए जाएंगे। सुबह 10.40 बजे से दोपहर 3.40 बजे तक ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर मेगा ब्लॉक रहेगा।

### हार्बर लाइन एवं ट्रांस-हार्बर लाइन पर कोई मेगा ब्लॉक नहीं



### डाउन फास्ट लोकल सेवाओं में बदलाव

CSMT से 09.34 बजे से 15.03 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली सभी डाउन फास्ट/सेमी-फास्ट लोकल्स को ठाणे-कल्याण के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा। ये लोकलें अपने तय स्टॉप्स के अलावा कलवा, मुंब्रा और दिवा स्टेशनों पर भी रुकेंगी और अपने गंतव्य पर करीब 10 मिनट देरी से पहुंचेंगी।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**वृष** कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**मिथुन** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**कन्या** अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**तुला** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

**वृश्चिक** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी।

**धनु** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे।

**कुंभ** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**मीन** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

## चन्द्र मंगल योग

वैदिक ज्योतिष में चन्द्र मंगल योग की प्रचलित परिभाषा के अनुसार यदि किसी कुंडली में चन्द्रमा तथा मंगल कुंडली के एक ही घर में स्थित हो जाते हैं तो ऐसी कुंडली में चन्द्र मंगल योग का निर्माण हो जाता है। चन्द्र मंगल योग द्वारा प्रदान किये जाने वाले फलों के लेकर विभिन्न ज्योतिषी भिन्न भिन्न मत रखते हैं। कुछ ज्योतिषी यह मानते हैं कि कुंडली में बनने वाला चन्द्र मंगल योग शुभ होता है तथा इस योग के कारण जातक को विभिन्न प्रकार के शुभ फल प्राप्त हो सकते हैं जबकि कुछ अन्य




प्रियंका जैन
9769994439



ज्योतिषी यह मानते हैं कि कुंडली में बनने वाला चन्द्र मंगल अशुभ होता है तथा इस योग के कारण जातक को विभिन्न प्रकार के अशुभ फल प्राप्त हो सकते हैं। आज के इस लेख में हम चन्द्र मंगल योग के कुंडली में निर्माण तथा इस योग के शुभ अशुभ फलों के बारे में चर्चा करेंगे।

**चन्द्रमा तथा मंगल के संयोग**

कुंडली में चन्द्रमा तथा मंगल के संयोग से बनने वाला चन्द्र मंगल योग जातक को कुंडली में चन्द्रमा तथा मंगल के स्वभाव, बल तथा स्थिति आदि के आधार पर विभिन्न प्रकार के शुभ अशुभ फल प्रदान कर सकता है। किसी कुंडली में शुभ चन्द्रमा तथा शुभ मंगल का संयोग हो जाने से बनने वाले चन्द्र मंगल योग का परिणाम निश्चिय ही शुभ फलदायी होगा तथा इस प्रकार के चन्द्र मंगल योग के प्रभाव में आने वाले जातक को उसकी कुंडली में चन्द्र तथा मंगल की स्थिति तथा बल के आधार पर भिन्न भिन्न प्रकार के शुभ फल प्राप्त हो सकते हैं। उदाहरण के लिए किसी कुंडली के पांचवे घर में बनने वाला शुभ चन्द्र मंगल योग जातक को धन, समृद्धि, कलात्मकता आदि जैसे शुभ फल प्रदान कर सकता है जबकि किसी कुंडली के दसवें घर में बनने वाला शुभ चन्द्र मंगल योग जातक को व्यवसायिक सफलता तथा ख्याति प्रदान कर सकता है। इस प्रकार शुभ चन्द्रमा तथा शुभ मंगल के संयोग से बनने वाला चन्द्र मंगल योग कुंडली के विभिन्न घरो तथा विभिन्न राशियों में अपनी स्थिति के आधार पर भिन्न भिन्न प्रकार के शुभ फल प्रदान कर सकता है।

**कुंडली में चन्द्रमा तथा मंगल दोनों के अशुभ**

दूसरी ओर किसी कुंडली में चन्द्रमा तथा मंगल दोनों के अशुभ होने की स्थिति में इनके संयोग से बनने वाला चन्द्र मंगल योग निश्चय ही अशुभ फलदायी तथा अमंगलकारी होता है जो जातक को उसके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक प्रकार के कष्ट दे सकता है जिनका निर्णय कुंडली में इस प्रकार के अशुभ चन्द्र मंगल योग की स्थिति तथा बल आदि से किया जाता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पेट से 13 किलो का ट्यूमर निकाल बचाई जान

**फर्रुखाबाद।** डॉक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में एक जटिल और जोखिमभरी सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम देते हुए डॉक्टर रोहित तिवारी ने 45 वर्षीय महिला के पेट से 13.5 किलो का विशाल ट्यूमर निकालकर उसकी जान बचा ली। शहर की रहने वाली पूनम कई महीनों से बढ़ते ट्यूमर की वजह से गंभीर परेशानी झेल रही थीं। ट्यूमर इतना बड़ा हो चुका था कि आंतों में रुकावट, पेशाब रुकने, तीव्र दर्द, भूख में कमी और चलने-फिरने में दिक्कत जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही थीं। जांच में पता चला कि ट्यूमर आंत और मूत्राशय दोनों को दबा रहा था। परिजनों के अनुसार, निजी अस्पतालों ने ऑपरेशन का खर्च 5 लाख रुपये से अधिक बताया, जबकि कानपुर मेडिकल कॉलेज ने उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली में सर्जरी के लिए दो साल बाद की तारीख मिलने पर स्थिति और गंभीर हो गई। इसी बीच लोहिया अस्पताल पहुंचे मरीजों को देखकर डॉक्टर रोहित तिवारी ने बिना देरी किए तत्काल ऑपरेशन का फैसला लिया। कई घंटे तक चली सर्जरी में उन्होंने 13.5 किलो का ट्यूमर सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की।

### एक बार ही जारी किया जाए जन्मप्रमाणपत्र : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जन्म प्रमाणपत्रों में मनमानी और भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता जताते हुए प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। मामला तब सामने आया जब एक ही व्यक्ति के दो अलग-अलग जन्म प्रमाणपत्र—एक ग्राम पंचायत द्वारा और दूसरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से—प्रस्तुत किए गए, जिनमें जन्मतिथियां भी अलग-अलग थीं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि इस तरह की स्थिति से स्पष्ट है कि प्रदेश में कोई भी कहीं से भी मनचाहा जन्म प्रमाणपत्र हासिल कर सकता है। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि प्रदेश में "एक व्यक्ति–एक ही जन्म प्रमाणपत्र" की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं न हों। मामला शिवांकी नामक याचिका से जुड़ा है, जिसमें आधार कार्ड बनवाने के लिए याची द्वारा दो भिन्न जन्म प्रमाणपत्र जमा किए जाने की जानकारी UIDAI ने कोर्ट को दी थी। हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव को सिस्टम की खामियां दूर करने और सुधारात्मक कदमों की जानकारी अगली सुनवाई, 10 दिसंबर, को पेश करने का आदेश दिया है।

### लखनऊ में अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई तेज

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई शुरू करते हुए 21 नवंबर 2025 की डेडलाइन तय कर दी है, जिसके तहत सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की खदानों की विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। राजधानी लखनऊ से जारी आदेशों के बाद सोनभद्र, बांदा, चित्रकूट, महोबा और उन्नाव सहित कई जिलों में व्यापक जांच अभियान शुरू हो चुका है। हाल ही में एक गंभीर दुर्घटना के बाद यह मामला और भी संवेदनशील हो गया, जिसके बाद सरकारी एजेंसियों ने कई खदानों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएँ पकड़ीं। जांच में पाया गया कि कई स्थानों पर मानक से अधिक ड्रिलिंग की जा रही थी, जिससे जमीन की संरचना कमजोर होकर ढहने का खतरा पैदा हो गया था।

# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय

एजेंसी | पटना

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद शुक्रवार को विभागों का बंटवारा औपचारिक रूप से कर दिया गया। इस बार सबसे बड़ा बदलाव गृह मंत्रालय में देखने को मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बजाय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग सौंपा गया है, जो राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा रहा है। नई सरकार में भाजपा, जदयू, हम, रालोम और लोजपा (रामविलास) के मंत्रियों को उनके पोर्टफोलियो सौंप दिए गए हैं।




**जनता दल यूनाइटेड (जदयू)**

विजय चौधरी – जल संसाधन व भवन निर्माण
विजेंद्र प्रसाद यादव – ऊर्जा
श्रवण कुमार – ग्रामीण विकास
अशोक चौधरी – ग्रामीण कार्य
लेसी सिंह – खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण
मदन साहनी – समाज कल्याण
मोहम्मद जमा खान – अल्पसंख्यक कल्याण
सुनील कुमार – शिक्षा

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)**

सम्राट चौधरी (उपमुख्यमंत्री) – गृह विभाग
विजय कुमार सिन्हा (उपमुख्यमंत्री) – राजस्व एवं भूमि सुधार
मंगल पांडेय – स्वास्थ्य एवं विधि
डॉ. दिलीप जायसवाल – उद्योग
नितिन नवीन – पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास
रामकृपाल यादव – कृषि
संजय टाइगर – श्रम संसाधन
अरुण शंकर प्रसाद – पर्यटन, कला, संस्कृति एवं युवा
सुरेंद्र मेहता – पशु एवं मत्स्य संसाधन
नारायण प्रसाद – आपदा प्रबंधन

# क्राइम ब्रांच का भ्रष्ट इंस्पेक्टर गिरफ्तार

एजेंसी | गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एक निरीक्षक को तीन लाख 87 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ ने एक टीम बनाई। उक्त टीम ने गिरफ्तारी की है। आरोपित की कार से रुपये बरामद हुआ है। पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड़ ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि क्राइम ब्रांच में तैनात निरीक्षक रमेश सिंह सिद्धू मेरठ रोड से तीन नवंबर को पकड़ी गई साढ़े तीन करोड़ रुपये की कफ सिरप के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति की जमानती दस्तावेज को सत्यापित करने के एवज में लाखों रुपए की रिश्वत ले रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम उपासना पांडे के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई तथा



छापेमारी कर उक्त इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ सिहानी गेट थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त इंस्पेक्टर की कार से रिश्वत के 3 लाख 87 हजार रुपया बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, तथा उसके विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी इंस्पेक्टर को मेरठ स्थित भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## कोहरे में भी नहीं थमेगी रेलगाड़ियों की रफ्तार

एजेंसी | बरेली

सर्दियों में घने कोहरे से निपटने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने इस बार पहले से मजबूत तैयारी कर ली है। मंडल प्रशासन ने सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए कुल 250 जीपीएस-आधारित फॉग सेफ डिवाइस ट्रेनों में स्थापित कर दिए हैं। यह तकनीक लोको पायलट को कोहरे में भी आगे के सिग्नल और ट्रैक की स्थिति की सही जानकारी देती है। इन डिवाइसों के बाद कोहरे में ट्रेनों की अधिकतम गति 60 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 75 किमी प्रति घंटा कर दी गई है। इससे यात्रियों को देरी से काफी राहत मिलेगी और संचालन अधिक सुचारू रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार, यात्रियों को सुरक्षित और सुचारू यात्रा उपलब्ध कराना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावा सभी सिग्नल पोस्ट और लेवल क्रॉसिंग पर ल्यूमिनस स्ट्रिप लगाई गई है।

# आज़म ख़ान केस से हटे जस्टिस समीर जैन

एजेंसी | प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति समीर जैन ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आज़म ख़ान से जुड़े 2016 यतीमखाना बेदखली मामले की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया है। उन्होंने केस को अपने कोर्ट से रिलीज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट के 30 मई वाले फैसले पर लगी अंतरिम रोक अगली सुनवाई तक प्रभावी रहेगी। यह आदेश सह–अभियुक्तों के वकीलों की उपस्थिति में दिया गया। आज़म ख़ान की याचिका ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देती है, जिसमें सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन जफर अहमद फारूकी को दोबारा गवाही के लिए बुलाने और घटनास्थल की वीडियोग्राफी को साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड में जोड़ने की मांग को खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना



है कि यह वीडियो उनकी घटनास्थल पर मौजूदगी को खारिज कर सकती है और निष्पक्ष सुनवाई के लिए यह अहम सबूत है।

यह मुकदमा 2019 में रामपुर कोतवाली में दर्ज 12 एफआईआर पर आधारित है, जिनमें डकैती, आपराधिक साज़िश और घर में घुसपैठ जैसे आरोप शामिल हैं। सभी मामलों को 8 अगस्त 2024 को विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने एक साथ जोड़कर एक ही मुकदमे के रूप में चलाने का निर्देश दिया था। अब यह मामला अगली तारीख पर किसी अन्य पीठ के समक्ष सुना जाएगा।

# सोनभद्र खनन हादसा: माइंस मैनेजर समेत चार गिरफ्तार

एजेंसी | सोनभद्र

ओबरा क्षेत्र में 15 नवंबर को हुए भीषण खनन हादसे में सात मजदूरों की मौत के मामले में चल रही एसआईटी जांच में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के अनुसार बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र स्थित कृष्णा माइनिंग वर्क्स में ड्रिलिंग के दौरान पहाड़ी का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया था, जिससे मजदूर मलबे में दब गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल का गठन किया गया था। जांच में पाया गया कि खदान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, अत्यधिक ड्रिलिंग और विस्फोटक उपयोग के नियमों का पालन न करना हादसे की मुख्य वजह बनी। एसआईटी ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें माइंस मैनेजर अनिल कुमार झा, स्टाफ अजय कुमार, गौरव सिंह और माइंस मेठ चन्द्रशेखर सिंह शामिल हैं।



**दबाव डालकर मजदूरों को भेजा**

एसपी ने आगे बताया कि यह घटना किसी सामान्य लापरवाही का परिणाम नहीं थी, बल्कि लंबे समय से खदान में चल रही अव्यवस्थाओं, गलत प्रक्रियाओं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का नतीजा थी। माइंस मैनेजर की जिम्मेदारी थी कि वह खदान की स्थिति, संभावित खतरों और लगातार बढ़ रही अनियमितताओं की जानकारी समय-समय पर खान सुरक्षा निदेशालय, लखनऊ को दे, ताकि समय रहते निरीक्षण और सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। लेकिन उन्होंने न तो ऐसी कोई जानकारी साझा की और न ही सुरक्षा नियमों के अनुरूप कार्यस्थल पर निगरानी बढ़ाई। इससे प्रबंधन स्तर पर गंभीर लापरवाही साबित होती है। जांच में यह भी सामने आया कि मजदूर पहले ही जमीन की अस्थिर स्थिति को महसूस कर चुके थे और उन्होंने साफ तौर पर नीचे खदान में उतरकर काम करने से मना कर दिया था। इसके बावजूद ठेकेदारों ने उत्पादन लक्ष्य और निजी फायदे को ध्यान में रखते हुए मजदूरों पर दबाव बनाया और उन्हें जबरन खतरनाक जगह पर भेज दिया।

# संभल में ट्रेडिंग के नाम पर 9.73 लाख की ठगी

एजेंसी | संभल

जनपद संभल में ट्रेडिंग के नाम पर 9.73 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। एसपी के निर्देश पर अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना 29 अगस्त 2024 को हुई थी। थाना हयातनगर क्षेत्र स्थित सरायतरीन के मोहल्ला पीला खदाना निवासी मुनेश कुमार ने एसपी को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। 29 अगस्त 2024 को उनकी कंपनी के कुछ लोगों ने ट्रेडिंग की योजना बनाई थी। मुनेश कुमार ने इस ट्रेडिंग योजना में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से 9.73 लाख रुपए जमा किए। इसके बाद एक वॉट्सऐप अकाउंट बनाया गया, जिसके तीन लोग एडमिन बने। इस ग्रुप में कई अन्य लोगों को भी जोड़ा गया और उन्हें ट्रेडिंग से संबंधित जानकारी दी गई।




मुनेश के अनुसार, कुछ दिनों बाद जब उन्होंने अपने ट्रेडिंग अकाउंट के बिल वाउचर निकालने का प्रयास किया, तो वे नहीं निकले। इससे उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने ग्रुप के एडमिन के नंबरों पर कॉल करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद उन्हें धोखाधड़ी का पूरा यकीन हो गया। तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें अपने 9.73 लाख रुपए वापस नहीं मिले। थाना प्रभारी उमेश कुमार सोलंकी ने शुक्रवार को बताया कि अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## व्यापार जगत

# अदाणी ग्रुपः AWL में बची पूरी हिस्सेदारी बेची

एजेंसी | नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप के रणनीतिक कदम का बाजार में बड़ा असर देखने को मिला। शुक्रवार को अदाणी विल्मर एग्री बिजनेस लिमिटेड (AWL) के शेयरों में लगभग 6 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई। समूह ने कंपनी में अपनी बची हुई 7 प्रतिशत हिस्सेदारी एक बड़े ब्लॉक डील के जरिए बेच दी, जिसके बाद वह पूरी तरह इस एफएमसीजी कंपनी से बाहर हो गया। शुक्रवार सुबह AWL के शेयर 280.70 रुपये पर खुले, लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में इंट्रा-डे के दौरान 266.45 रुपये तक फिसल गए। बाजार सूत्रों के अनुसार, इस ब्लॉक डील का कुल मूल्य लगभग 2,500 करोड़ रुपये के आसपास रहने का अनुमान है।




**घरेलू और विदेशी निवेशकों ने की खरीदी**

इस डील में वैनगार्ड, चार्ल्स श्वाब, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, टाटा एमएफ, क्वांट एमएफ, बंधन एमएफ जैसे प्रमुख घरेलू संस्थागत निवेशकों ने हिस्सेदारी खरीदी। इसके साथ ही सिंगापुर, यूएई सहित अन्य एशियाई बाजारों के कई अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने भी इस क्लीन-आउट ब्लॉक में निवेश किया।

**दो चरणों में की गई हिस्सेदारी की बिक्री**

इस सप्ताह की शुरुआत में अदाणी समूह ने पहले 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी, जिससे उसकी हिस्सेदारी घटकर 7 प्रतिशत रह गई थी। अब शेष 7 प्रतिशत स्टेक बेचकर समूह ने कंपनी से पूर्ण रूप से बाहर निकलने का निर्णय पूरा कर लिया। विशेषज्ञों का कहना है कि एफएमसीजी और कंज्यूमर गुड्स से बाहर निकलना अदाणी समूह की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह अपना ध्यान कोर इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो पर केंद्रित कर रहा है।

## अफगानिस्तान से हवाई कार्गो सेवा शुरू करने की तैयारी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान के बीच आर्थिक सहयोग को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों के बीच हवाई कार्गो सेवा जल्द ही दोबारा शुरू होने जा रही है, जिसकी औपचारिक पुष्टि भारत के विदेश मंत्रालय के अधिकारी आनंद प्रकाश ने की। यह पहल ऐसे समय में हो रही है जब अफगानिस्तान के व्यापार मंत्री अल-हज नूरुद्दीन अजीजी पांच दिनों की भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं।

**काबुल–दिल्ली और काबुल–अमृतसर रूट पर उड़ानें**



अधिकारी आनंद प्रकाश ने बताया कि काबुल से दिल्ली और काबुल से अमृतसर के बीच एयर फ्रेट कॉरिडोर सक्रिय किए जा चुके हैं और इन मार्गों पर कार्गो उड़ानें जल्द शुरू होंगी। उनका कहना था कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार और कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान ने हाल ही में अफगानिस्तान के लिए अपनी जमीनी सीमा बंद कर दी, जिसके कारण अफगान निर्यात, खासकर फलों और कृषि उत्पादों, को भारी नुकसान पहुंचा है। भारत के साथ हवाई मार्ग से जुड़ाव अफगानिस्तान के व्यापार को नई दिशा दे सकता है।

**व्यापारिक संबंध मजबूत करेंगे नूरुद्दीन अजीजी**

अफगानिस्तान के तालिबान शासन के व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी अपनी इस यात्रा में विशेष रूप से कृषि उत्पादों के भारत निर्यात को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। चर्चा का मुख्य एजेंडा भारत से दवाइयों, मशीनरी और टेक्सटाइल का बढ़ता निर्यात भी है। इसके साथ ही दोनों देश ईरान के चाबहार बंदरगाह और नए हवाई कार्गो मार्गों को मिलाकर बेहतर परिवहन नेटवर्क बनाने पर भी विचार-विमर्श कर रहे हैं।

## बजट से पहले मंत्रालयों से पूछी गईं जरूरतें

एजेंसी | नई दिल्ली

आगामी केन्द्रीय बजट 2026-27 को लेकर तैयारियों की रफ्तार तेज हो गई है। इसी क्रम में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों के साथ 11वीं प्री-बजट मीटिंग की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान बिजली, बंदरगाह, शिपिंग व जलमार्ग, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारी, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन तथा भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार मौजूद रहे। इस बैठक में बजट से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित विकास जरूरतों व प्राथमिकताओं पर राय ली गई।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार

एजेंसी | नई दिल्ली

शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ लाल निशन पर खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट का सिलसिला जारी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 242.53 अंक यानी 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 85,390.15 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 26,105.65 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयरों में गिरावट का रुख है। वहीं, निफ्टी



के 50 में से 44 शेयर नीचे हैं। एनएसई के सभी सेक्टरों में गिरावट है। सबसे ज्यादा गिरावट मेटल, बैंकिंग और रियल्टी शेयरों में है। उल्लेखनीय है कि कल गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स 446.21 अंक उछलकर 85,632.68 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 139.50 अंक की बढ़त के साथ 26,192.15 के स्तर पर बंद हुआ था।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रिटायर्ड कैप्टन से 32 लाख की ठगी

एजेंसी | नोएडा

शेयर बाजार में भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने गौतमबुद्धनगर जिले में रहने वाले एक रिटायर्ड कैप्टन से 32 लाख 25 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) शैव्या गोयल के अनुसार सेक्टर-37 निवासी कैप्टन दमन दत्ता (रिटायर्ड) ने बताया कि 15 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप संदेश आया।

**फर्जी तरीके से दिखाया गया मुनाफा**



ठगों ने एसबीआई सिक्योरिटीज का असली लोगो, पोर्टल पर सीईओ सुरेश शुक्ला का नाम और फोटो लगाकर खुद को विश्वसनीय दर्शाया। शुरुआत में 25 हजार रुपये का निवेश करने के बाद पोर्टल पर कृत्रिम रूप से मुनाफा दिखाया गया, जिससे पीड़ित को विश्वास हो गया। इसके बाद 25 सितंबर तक उन्होंने विभिन्न खातों में कुल 32.25 लाख रुपये जमा कर दिए।

## स्टार्टअप सेक्टर को मिलेगा इजराइल का सपोर्ट

एजेंसी | तेल अवीव

भारत और इज़राइल के बीच तकनीकी नवाचार को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को जाफा स्थित पेरेस सेंटर फ़ॉर पीस एंड इनोवेशन का दौरा किया और इज़राइल के साथ मिलकर स्टार्टअप सेक्टर में व्यापक सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। गोयल इन दिनों अपने इजराइली समकक्ष नीर बरकत के साथ महत्वपूर्ण व्यापार वार्ताओं के लिए 60 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दौरे के दौरान मंत्री ने कहा कि भारत, साइबर सुरक्षा, मेड-टेक और डीप टेक जैसे क्षेत्रों में इज़राइली



स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी कर नवाचार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत की विशाल "इकोनॉमी ऑफ स्केल" और इज़राइल की उन्नत तकनीक मिलकर ऐसे समाधान तैयार कर सकती हैं, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और उच्च गुणवत्ता वाले हों। पीयूष गोयल ने इज़राइल की नवाचार-चालित प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक छोटा देश कैसे इनोवेशन के बल पर वैश्विक नेतृत्व हासिल कर सकता है, यह इज़राइल इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने याद दिलाया कि इज़राइल ने सुरक्षा चुनौतियों के बीच भी रक्षा, स्वास्थ्य और टेक्नोलॉजी को जोड़कर महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं, जो भारत के लिए भी प्रेरणादायक है। पेरेस सेंटर की प्रदर्शनी को "सृजनशीलता और प्रभाव का अद्वितीय संगम" बताते हुए गोयल ने कहा कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की आधारशिला भी तकनीकी सहयोग और स्टार्टअप नवाचार ही होगा। भारत और इज़राइल दोनों ही देशों की प्राथमिकता—भविष्य की तकनीक, सामाजिक प्रभाव और मजबूत नवाचार संस्कृति—को लेकर यह साझेदारी नए दौर में प्रवेश करती दिख रही है।

# पर्थ की पिच पर पहले दिन विकेटों का पतझड़




## पहले दिन गिरे 19 विकेट, टूट गया 116 साल पूराना रिकॉर्ड

एजेंसी | पर्थ

साल की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट सीरीज एशेज का पहला टेस्ट शुक्रवार को यहां तेज गेंदबाजों के दबदबे के साथ शुरू हुआ। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पर्थ स्टेडियम में 51,000 से अधिक दर्शकों के सामने पहले दिन ही कुल 19 विकेट गिर गए।

### सत्र स्टार्क के नाम

दिन का शुरुआती सत्र स्टार्क के नाम रहा। उन्होंने नियमित कप्तान पैट कमिंस और दिग्गज जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे मेजबान टीम ने दूसरे सत्र तक इंग्लैंड को ऑल आउट कर दिया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के बावजूद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 5 .23 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए। टीम की ओर से हैरी ब्रूक (52), ओली पोप (46), जैमी स्मिथ (33) और बेन डकेट (21) ही दोहरे अंकों में पहुंचे। इसके अलावा सबसे बड़ी साझेदारी चौथे विकेट के लिए पोप और ब्रूक ने 55 रन की निभाई। इंग्लैंड के पुछल्ले बल्लेबाजों ने तेजी से विकेट गंवाए जिसका खामियाजा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी उठाना पड़ा। चूंकि वह आठ मिनट से अधिक मैदान से बाहर रहे थे ऐसे में उन्हें पारी की शुरुआत करने की अनुमति नहीं दी गई और मार्नस लाबुशेन को ऊपरी क्रम में आना पड़ा।

### नंबर गेम

**07** विकेट 58 रन पर झटक स्टार्क ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की

**05** विकेट 23 रन पर स्टोक्स ने झटक इंग्लैंड टीम की वापसी कराई

### गेंदबाजों का कहर

पहले मिचले स्टार्क ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए (सात विकेट, 58 रन) मेहमान टीम इंग्लैंड का पुलिंदा पहली पारी में 172 रन पर बांध दिया। दूसरी ओर अंग्रेज टीम ने ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के घातक पंच (पांच विकेट, 23 रन) की मदद से पलटवार करते हुए कंगारू टीम के 9 विकेट 123 रन पर झटक लिए। दिन का खेल खत्म होते समय नाथन लियोन (3) और ब्रेंडन डोगेट (0) क्रीज पर थे जबति ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 49 रन पीछे थी। पूरे दिन में कुल 72 ओवर का खेल हुआ।

### पदार्पण फ्लॉप रहा

पदार्पण कर रहे जेक वेदरोल्ड (शून्य) को आर्चर ने पारी की दूसरी गेंद पर ही पगबाधा कर दिया। ऐसे में कमिंस की जगह स्टीव स्मिथ को पहले ही ओवर में क्रीज पर उतरना पड़ा। आर्चर ने फिर लाबुशेन (नौ) को भी चलता किया। ब्रायडन कार्स ने स्मिथ (17) और ख्वाजा (दो) को भी लौटा ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 31 रन कर दिया। ट्रेविस हेड (21) और ग्रीन (24) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की लेकिन स्टोक्स ने इस दोनों के साथ सर्वाधिक रन बनाने वाले एलेक्स कैरी (26) और स्टार्क (12) को पवेलियन की राह दिखाने के बाद दिन के समापन से पहले स्कॉट बोलैंड (शून्य) को आउट कर पांच विकेट पूरे किए। डोगेट और स्कॉट बोलैंड की मौजूदगी में यह पहली बार हुआ जब दो देशज खिलाड़ी एक साथ टेस्ट टीम में मौजूद है।

# एशियाई खेलों की तैयारी तेज, लखनऊ में लगा कैंप

## साई ने कराटे खिलाड़ियों के लिए लगाया 45 दिन का राष्ट्रीय शिविर

**नई दिल्ली।** भारतीय कराटे खिलाड़ियों को 2026 एशियाई खेलों में मजबूत प्रदर्शन के लिए तैयार करने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने बड़ा कदम उठाया है। साई की मंजूरी से 45 दिन का सीनियर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कैंप 17 नवंबर से लखनऊ स्थित साई रीजनल सेंटर में शुरू हो चुका है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा।
इस कैंप में कुल 64 सदस्य शामिल हैं—48 खिलाड़ी, 12 कोच और 4 सपोर्ट स्टाफ। पूरे प्रशिक्षण शिविर के लिए 1.42 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता 'असिस्टेंस टू नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन' योजना के तहत दी गई है।



### प्रतिभाओं की खोज और अंतरराष्ट्रीय तैयारी

तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय कराटे मानकों और एशियाई खेलों की प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए यह कैंप उभरते भारतीय खिलाड़ियों को पहचानने और तराशने में अहम भूमिका निभाएगा। साई की योजना के तहत इन खिलाड़ियों को खेलों से पहले विदेशों में ट्रेनिंग व प्रतियोगिताओं का अनुभव भी दिया जाएगा।

### चयनित 48 खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान

कैंप का मुख्य उद्देश्य 24 पुरुष और 24 महिला खिलाड़ियों की उस कोर टीम को उच्च स्तरीय ट्रेनिंग देना है, जिन्हें एशियाई खेलों के लिए संभावित दावेदार माना जा रहा है। कोचिंग, स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट, आधुनिक उपकरण, रिकवरी सुविधाएं और इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के प्रशिक्षण के सभी संसाधन खिलाड़ियों को मुहैया कराए जा रहे हैं।

### फेडरेशन की अनुपस्थिति में साई की कमान

कराटे खेल के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय फेडरेशन के न होने के कारण, खेल मंत्रालय ने इस वर्ष जुलाई में एक कराटे आयोजन समिति गठित की थी। कोचिंग कैंप, अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर और सभी आधिकारिक गतिविधियों का संचालन कर रही है।

### ओपन ट्रायल से हुई निष्पक्ष चयन प्रक्रिया

पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समिति ने 12–14 अक्टूबर को शिलांग के एनईएचयू कैंपस में ओपन नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स आयोजित किए। इन ट्रायल्स में अंतरराष्ट्रीय मानकों, एंटी-डोपिंग नियमों और वीडियोग्राफी-आधारित मूल्यांकन को सख्ती से लागू किया गया। यह समिति तब तक काम करती रहेगी, जब तक कराटे के लिए किसी आधिकारिक राष्ट्रीय खेल महासंघ को मान्यता नहीं मिल जाती। इसके साथ ही यह जू-जित्सु और कुश्ती जैसे अन्य मार्शल आर्ट्स खेलों को भी संभाल रही है।

# शुभमन गिल बाहर, ऋषभ पंत को मिली कमान

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। कप्तान शुभमन गिल चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं, और उनकी अनुपस्थिति में विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत को नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई है। कोलकाता टेस्ट के दौरान गिल की गर्दन में गंभीर ऐंठन हुई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम के साथ गुवाहाटी पहुंचने के बावजूद वह गुरुवार को बारसापारा स्टेडियम में हुए नेट सेशन में अभ्यास नहीं कर सके। मेडिकल टीम ने उन्हें आगे की जांच के लिए अब मुंबई भेजने का फैसला किया है।




कप्तानी संभालने जा रहे ऋषभ पंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिल की जगह कौन खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में शामिल होगा, इस पर लगभग सहमति बन चुकी है और आधिकारिक घोषणा शनिवार को होगी। पंत ने कहा, "गुरुवार को मुझे सूचना मिली कि मुझे कप्तानी करनी है। शुभमन तेजी से रिकवर कर रहे हैं और खेलने को उत्सुक थे, लेकिन उनकी फिटनेस ने उन्हें मैदान पर उतरने की इजाज़त नहीं दी।"

# ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन: सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन



**सिडनी।** भारत के उभरते बैडमिंटन सितारे लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष एकल के अंतिम चार में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने हमवतन खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे सेटों में हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने आयुष पर 23-21, 21-11 की जीत दर्ज की। पहला गेम बेहद रोमांचक रहा, जहां लक्ष्य शुरुआती दौर में 6-9 से पिछड़ रहे थे। इसके बाद उन्होंने लगातार अंक जुटाकर बढ़त बनाई, हालांकि गेम के आखिरी पलों में स्कोर 21-21 की बराबरी पर पहुंच गया। निर्णायक दो रैलियों में लक्ष्य ने संयम दिखाया और गेम अपने नाम कर लिया।
दूसरे गेम में तस्वीर एकदम बदल गई। लक्ष्य ने शुरुआत से ही आक्रामक खेलते हुए 6-1 और फिर 15-7 की बढ़त बना ली। आयुष की ओर से कोई बड़ा प्रतिरोध नहीं आया और मुकाबला 53 मिनट में समाप्त हो गया। सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना चीनी ताइपे के दिग्गज और दूसरे वरीय चाउ तिएन चेन से होगा।

# वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम घोषित

## केमर रोच और केवेम हॉज की वापसी से मिला संतुलन

**नई दिल्ली।** दिसंबर में शुरू होने वाले न्यूजीलैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने इस बार अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ केमर रोच और ऑलराउंडर केवेम हॉज को फिर से मौका देकर टीम को मजबूती प्रदान की है। दोनों खिलाड़ी जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान टेस्ट के बाद पहली बार टेस्ट सेटअप का हिस्सा बन रहे हैं। रोच की मौजूदगी युवा तेज़ गेंदबाज़ों के लिए अनुभव का बड़ा आधार बनेगी, खासकर इसलिए क्योंकि टीम के मुख्य तेज़ गेंदबाज़ शमार जोसेफ और अल्जारी जोसेफ चोटों के चलते इस यात्रा से बाहर हैं। इसी बीच, 29 वर्षीय तेज़ गेंदबाज़ ओजे शील्ड्स को पहली बार टेस्ट टीम में जगह देकर वेस्टइंडीज ने भविष्य की तैयारी का संकेत भी दिया है। स्पिन विभाग में बदलाव करते हुए



बाएं हाथ के स्पिनर खैरी पियरे को टीम से बाहर रखा गया है, जबकि केवेम हॉज को दोबारा शामिल कर उन्हें अपनी उपयोगिता दिखाने का अवसर दिया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट माइल्स बासकॉम्ब ने कहा कि न्यूजीलैंड का चुनौतीपूर्ण दौर हमेशा से विदेशी टीमों की परीक्षा लेता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एंटीगा में आयोजित हाई-परफॉर्मेंस कैंप खास तौर पर न्यूजीलैंड की पिचों की तेज़ गेंदबाज़ी सहायता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था।

### तालिका में वेस्टइंडीज सबसे निचले स्थान पर

वेस्टइंडीज टीम 20 नवंबर को न्यूजीलैंड में मौजूद वनडे टीम से जुड़ेगी और क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड XI के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच से अपनी तैयारी का आगाज़ करेगी। यह पूरी टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के मौजूदा चक्र का हिस्सा है। अब तक खेले गए पांचों टेस्ट में हार झेलने के बाद वेस्टइंडीज तालिका में सबसे निचले स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड इस चक्र का अपना पहला मुकाबला विंडीज के खिलाफ खेलेगा।
न्यूजीलैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम: रोस्टन चेज़ (कप्तान), जोमेल वॉरिकन (उपकप्तान), एलिक अथनाज़े, ॉन कैंपबेल, तेग नारायण चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रेव्स, केवेम हॉज, शाई होप, टेविन इमलाच, ब्रैंडन किंग, जोहान लेन, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडन सील्स, ओजे शील्ड्स।

# बॉ ली वु ड

## मिस यूनिवर्स 2025 बनी मेक्सिको की फातिमा बॉश

मिस यूनिवर्स 2025 का भव्य फिनाले थाईलैंड में शानदार अंदाज़ में सम्पन्न हुआ, जहां दुनिया भर की निगाहें इस रोमांचक प्रतियोगिता पर टिकी रहीं। 130 से अधिक देशों की प्रतिभागियों ने अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और कौशल से मंच को जगमगाया। हालांकि, इस बार भारत के लिए निराशा का पल रहा, क्योंकि देश की उम्मीद मनिका विश्वकर्मा टॉप 12 में जगह नहीं बना सकीं। इसमें मेक्सिको की फातिमा बॉश ने बाज़ी मारते हुए मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम किया।
इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनियाभर के 130 देशों की प्रतिभाशाली महिलाओं ने हिस्सा लिया। इन्हीं में भारत की मनिका भी शामिल थीं, जिनसे देश को बड़ी उम्मीदें थीं। फाइनल राउंड में जगह बनाने के बाद भारत की उम्मीदें राजस्थान की इस खूबसूरत प्रतिभागी से और बढ़ गईं, लेकिन वह ताज अपने नाम करने से चूक गईं। दूसरी ओर मेक्सिको की फातिमा बॉश ने अपनी सुंदरता, प्रतिभा और बेहतरीन जवाबों से सबका दिल जीत लिया और मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। राजस्थान के छोटे से शहर से ताल्लुक रखने वाली मनिका अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता के दम पर न सिर्फ फाइनल राउंड तक पहुंचीं, बल्कि शीर्ष पसंदीदा प्रतियोगियों में भी शामिल रहीं। इसके बाद पूरे देश की निगाहें उन पर टिक गईं कि क्या वे 2021 के बाद सिर्फ चार साल के अंतराल में भारत को एक और मिस यूनिवर्स का ताज दिला पाएंगी। हर भारतीय मनिका की जीत की उम्मीद लगाए बैठा था, लेकिन इस बार खिताब देश से दूर रह गया और सपना अधूरा रह गया।
इस वर्ष की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता विवादों से भी घिरी रही। फिनाले से महज़ तीन दिन पहले जज ओमार हारफूश ने इस्तीफा देते हुए आयोजकों पर गंभीर आरोप लगाए।





## अहान पांडे ने अनीत पड्डा संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

'सैयारा' फिल्म के जरिए रातों-रात सुर्खियों में आए अभिनेता अहान पांडे इन दिनों इंटरनेट के सबसे चर्चित चेहरों में शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि उनकी ऑन-स्क्रीन परफॉर्मेंस से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रहती है। सोशल मीडिया पर अक्सर कयास लगाए जाते हैं कि अहान अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने इन अफवाहों को और हवा दे दी। अब अहान ने खुद इस रिश्ते की सच्चाई स्पष्ट कर दी है।
हाल ही में दिए इंटरव्यू में अहान ने अनीत के साथ रिश्ते की अफवाहों को खारिज किया और उन्हें सिर्फ अपनी अच्छी दोस्त बताया। अभिनेता ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं। केमिस्ट्री हमेशा रोमांटिक नहीं होती। यह सहजता, सुरक्षा और लोगों के नजर आने के बारे में है। हम दोनों ने एक-दूसरे को यह एहसास दिलाया है।अहान ने आगे कहा कि



भले ही अनीत उनकी गर्लफ्रेंड नहीं हैं, लेकिन उनकी दोस्ती कभी भी रोमांटिक रिश्ते में नहीं बदलेगी। दूसरी ओर, हाल ही में एक बातचीत के दौरान करण जौहर ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अभी इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर दोनों भविष्य में डेट करने वाले हों, तो अभी किसी को यह नहीं पता कि ऐसा होगा या नहीं। फिलहाल, अहान अली अब्बास जफर की आगामी फिल्म की तैयारी में व्यस्त हैं।


## आईएफएफआई 2025 में होगा इमरान हाशमी और यामी गौतम की 'हक' का प्रीमियर



बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की 'हक' को बड़ी सफलता हासिल हुई है। 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2025 में इस फिल्म का प्रीमियर होने जा रहा है, जहां 'हक' अपनी विशेष स्क्रीनिंग से लोगों का दिल जीतेगी। आईएफएफआई का आयोजन गोवा में 20 नवंबर से शुरू हो चुका है, जो अगले 28 नवंबर तक चलेगा। सुपर्ण एस वर्मा द्वारा निर्देशित और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित 'हक' का प्रीमियर 22 नवंबर को किया जाएगा।
आईएफएफआई 2025 के लिए 'हक' का चयन इसके प्रभावशाली विषय और कहानी को पूरी दुनिया तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम है। फिल्म की कहानी 1980 के शाह बानो केस से प्रेरित है जिसमें आर्टिकल 44 के तहत समान नागरिक संहिता पर विशेष जोर दिया गया है। अभिनेता इमरान ने वकील का किरदार निभाया है, जबकि यामी उनकी पत्नी के किरदार में हैं।

## 'दो दीवाने सहर में' की रिलीज डेट आई सामने

फिल्मकार संजय लीला भंसाली भारतीय सिनेमा में अपने भव्य सेट, शानदार विजुअल्स और सूक्ष्म कलात्मकता के लिए विशेष पहचान रखते हैं। 'देवदास', 'रामलीला', 'पद्मावत' और हालिया प्रशंसित सीरीज 'हीरामंडी' जैसी बेहतरीन प्रस्तुतियों के बाद दर्शक उनकी अगली बड़ी फिल्म का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। कई लोगों को लग रहा था कि उनकी अगली रिलीज़ रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और वाणी कपूर स्टारर 'लव एंड वॉर' होगी, जिसकी शूटिंग फिलहाल जारी है। लेकिन भंसाली का अगला सिनेमाई प्रोजेक्ट इससे अलग है, वह है 'दो दीवाने सहर में'। वैलेंटाइन डे पर आएगी रोमांटिक फिल्म 'दो दीवाने सहर में' भंसाली प्रोडक्शंस ने इस नए प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा एक टीज़र वीडियो के साथ की है। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, दो दिल, एक शहर और एक अपूर्ण पूर्ण प्रेम कहानी! इस वैलेंटाइन डे, इश्क़ से इश्क़ हो जाएगा! फिल्म में मुख्य भूमिकाएं सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर निभा रहे हैं, जो पहली बार किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। यह जोड़ी दर्शकों के लिए एक ताज़ा और युवा रोमांटिक पेयरिंग साबित हो सकती है।



# बंगाल, पूर्वोत्तर, बांग्लादेश और पाकिस्तान में भूकंप के झटके

## कोलकाता में घर और दफ्तर से बाहर भागे लोग

**एजेंसी । कोलकाता**

शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के कई इलाकों में भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को चौंका दिया। झटके महसूस होते ही कोलकाता सहित कई स्थानों पर लोग अपने घरों और कार्यालयों से घबराकर बाहर निकल आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार कंपन का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में था। सुबह 10 बजकर 8 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता 5.7 दर्ज की गई, जबकि केंद्र जमीन से मात्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था, जिससे झटके अधिक प्रबल महसूस हुए।



### कोलकाता में अफरा-तफरी का माहौल

शहर के पार्क स्ट्रीट, काकुरगाछी, बीटी रोड, साल्ट लेक और अन्य प्रमुख इलाकों में लोग इमारतों से बाहर निकलते दिखाई दिए। ऊंची इमारतों में रहने वाले कई लोगों ने बताया कि झटकों के दौरान कमरों की दीवारें और फर्नीचर हिलने लगे थे, जिसके बाद वे तुरंत सीढ़ियों से नीचे उतर आए।

### सोशल मीडिया पर साझा हुए अनुभव

भूकंप के झटकों के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। कुछ ने पंखों तथा हल्के लटके सामान के हिलने के वीडियो पोस्ट किए, वहीं अन्य ने ऑफिसों और अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स खाली करवाने की तस्वीरें शेयर कीं।

### पूर्वोत्तर राज्यों में भी महसूस हुए कंपन

असम के गुवाहाटी और आसपास के जिलों में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंपन शुरू होते ही वे जल्द से जल्द इमारतों से बाहर निकलकर खुले स्थानों में पहुंच गए। प्रशासन के मुताबिक अब तक किसी जान-माल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, संबंधित एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कम गहराई पर केंद्रित भूकंप का प्रभाव व्यापक रूप से महसूस किया जाता है, जिससे इस बार कंपन अधिक तीव्र प्रतीत हुए।

### अस्पतालों में बढ़ा दबाव

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10, ताजुद्दीन मेडिकल कॉलेज में 72 और नरसिंदी जिला अस्पताल में 45 घायलों को भर्ती किया गया है। कई गंभीर मरीजों को उन्नत इलाज के लिए ढाका रेफर किया गया है। पुलिस और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएम) के अधिकारियों ने बताया कि झटके इतने शक्तिशाली थे कि लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।

## ढाका में भूकंप का कहर, तीन की मौत, 100 घायल



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका और आसपास के इलाकों में शुक्रवार सुबह आए तेज भूकंप ने तबाही मचा दी। नरसिंदी जिले में महसूस किए गए 5.7 तीव्रता के इन झटकों से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10:08 बजे आया। इसका केंद्र नरसिंदी से करीब 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और ढाका से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित था। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर दर्ज की गई।

### पुराने ढाका में हुआ बड़ा हादसा

जानकारी के मुताबिक, पुराने ढाका के अरमानिटोला इलाके में आठ मंजिला इमारत की छत पर बनी ईंट की रेलिंग गिरने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में 10 लोग घायल हुए, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## लोअर दीर में 4.7 तीव्रता का भूकंप



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोअर दीर में आज सुबह भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.7 आंकी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप झटका महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के कारण लोअर दीर के किसी भी हिस्से से जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### 93 किमी की गहराई पर था केंद्र

इस्लामाबाद के नेशनल सिस्मिक मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफ़गानिस्तान में हिंदुकुश रेंज में 93 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारतीय जल सीमा में मिली बांग्लादेशी नौका

**कोलकाता।** भारतीय तटरक्षक बल ने बंगाल की उत्तरी खाड़ी में अवैध रूप से घुसी बांग्लादेश की एक मछली पकड़ने वाली नाव को पकड़ लिया। नाव पर मौजूद 28 शिकारियों को भी हिरासत में लिया गया है। तटरक्षक पोत ने नियमित गश्ती के दौरान संदिग्ध नाव को भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में पाया। जांच में पता चला कि नाव के किसी भी सदस्य के पास भारतीय समुद्री सीमा में मछली पकड़ने की अनुमति नहीं थी। नाव पर मिले जाल और पकड़ी गई मछलियों से प्रतिबंधित क्षेत्र में शिकार किए जाने की पुष्टि हुई। पकड़ी गई नाव को नमखाना फिशिंग हार्बर लाया गया और आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए समुद्री पुलिस को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई पिछले एक सप्ताह में कोस्ट गार्ड द्वारा की गई चौथी बड़ी गिरफ्तारी है।

### घुसपैठिए की देश में कोई जगह नही : अमित शाह

**भुज।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बीएसएफ की हीरक जयंती पर आयोजित समारोह में स्पष्ट कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए घुसपैठ पर पूर्ण विराम लगाना आवश्यक है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लोकतंत्र की शुचिता का आधार बताते हुए जनता से इसका सहयोग करने की अपील की। शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, जबकि यह लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने दोहराया कि "देश से हर घुसपैठिये को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा।" अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ ने अपनी वीरता, तत्परता और तकनीकी दक्षता से पिछले वर्षों में देश की सीमाओं को पूरी मजबूती से सुरक्षित रखा है। 193 बटालियनों और 2.76 लाख से अधिक जवानों के साथ बीएसएफ पाकिस्तान व बांग्लादेश सीमा पर चौबीसों घंटे मोर्चा संभाले हुए है।

### महुआ मोइत्रा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा लोकपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह आदेश जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया। लोकपाल ने 12 नवंबर को सीबीआई को चार हफ्ते के भीतर महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति दी थी। महुआ ने इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि लोकपाल ने फैसला सुनाने से पहले उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। सीबीआई ने मार्च 2024 में महुआ और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि महुआ ने रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछे और अपना लॉग-इन पासवर्ड हीरानंदानी के साथ साझा किया। कृष्णानगर से सांसद महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता दिसंबर 2023 में एथिक्स कमेटी की सिफारिश के बाद रद्द कर दी गई थी।

## भारतीय वैज्ञानिकों ने विकसित की नई तकनीक

# लिथियम की जगह लेंगी किफायती जिंक-आयन बैटरियां



**एजेंसी । बेंगलुरु**

भारतीय वैज्ञानिकों ने जिंक-आयन बैटरियों को अधिक शक्तिशाली, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने वाली एक उन्नत तकनीक तैयार की है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उपलब्धि भविष्य में लिथियम-आयन बैटरियों के सुरक्षित और किफायती विकल्प का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार यह शोध बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (CeNS) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से पूरा किया गया। परियोजना का नेतृत्व संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अशुतोष कुमार सिंह ने किया।

### कैथोड सामग्री में नवाचार से सफलता

शोधकर्ताओं ने पारंपरिक वैनाडियम ऑक्साइड में विशेष ताप–विद्युत रासायनिक प्रक्रिया (थर्मो–इलेक्ट्रोकेमिकल ट्रीटमेंट) के जरिए बदलाव किया। इससे सामग्री की सूक्ष्म संरचना इस प्रकार विकसित हुई कि वह अधिक ऊर्जा संचित कर सके और जिंक आयनों के आवागमन को तेज़ बनाए। इस नई सामग्री पर आधारित बैटरी न केवल जल्दी चार्ज होती है, बल्कि अपनी क्षमता लंबे समय तक बनाए रखती है और सामान्य बैटरियों की तुलना में ज्यादा ऊर्जा प्रदान करती है। अब तक वैज्ञानिक कई तरह की ऑक्साइड सामग्रियों पर प्रयोग कर चुके थे, लेकिन संतोषजनक नतीजे नहीं मिले थे। ऐसे में यह खोज जिंक–आयन बैटरी तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है। शोध के निष्कर्ष एडवांस्ड एनर्जी मैटेरियल्स नामक अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

### सरल लेकिन प्रभावी तरीका

शोध समूह के सह–लेखक राहुल देब रॉय के अनुसार टीम ने कैथोड को अधिक स्थिर और सक्षम बनाने के लिए एक बेहद सरल, फिर भी अत्यंत प्रभावी प्रक्रिया अपनाई। उनका मानना है कि यही तकनीक भविष्य में अन्य बैटरी सामग्रियों को उन्नत बनाने में भी सहायक साबित हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सफलता हरित ऊर्जा समाधानों और टिकाऊ बैटरी तकनीक के विकास को एक नई दिशा देगी, खासकर उन परिस्थितियों में जहां सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाली और कम लागत वाली ऊर्जा भंडारण तकनीकों की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है।

## कोयलांचल के प्रमुख कारोबारी एलबी सिंह के घर ईडी की रेड

- कुत्तों के दहशत में दो घंटे बाहर खड़े रहे अफसर
- पालतू कुत्तों को बांधे जाने के बाद अंदर घुसी टीम
- एलबी सिंह के अलावा 18 अन्य स्थानों पर छापेमारी

**एजेंसी । धनबाद (झारखंड)**

कोयलांचल के बड़े कारोबारी एलबी सिंह ने आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम के अपने घर पहुंचते ही पालतू कुत्ते खोल दिए। इस वजह से टीम को घर में घुसने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सिंह के कुत्तों के बांधने के बाद ही टीम आवास में प्रवेश कर पाई। ईडी की टीम ने सिंह और अन्य कारोबारियों के 18 ठिकानों पर दबिश दी है। एलबी सिंह भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के चर्चित ठेकेदार हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बीसीसीएल के टेंडरों में हुई गड़बड़ी और अनियमितता सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है।



ईडी के रडार पर आए इन कोयला कारोबारियों अनिल गोयल और संजय खेमका भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ईडी कोलकाता की टीम पश्चिम बंगाल में कोयला कारोबार से जुड़े ठेकेदारों, ट्रांसपोर्टरों और कुछ अफसरों के ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है। एलबी सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा पड़ चुका है।

### 100 करोड़ नगद हुई थी बरामदगी

इस कार्रवाई में सिंह से संबंधित खातों की जांच के दौरान 100 करोड़ रुपये नकद जब्त किया गया था। ईडी ने सीबीआई की ओर से बीसीसीएल में एलबी सिंह को टेंडर देने में हुई गड़बड़ी को ईसीआईआर के रूप में दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। वहीं, बताया जा रहा है कि एलबी सिंह के धनबाद स्थित घर पर ईडी की टीम के पहुंचते ही कुत्तों को खोल दिया गया। इससे ईडी की टीम सिंह के घर के अंदर नहीं घुस पाई। करीब दो घंटे बाद एलबी सिंह ने कुत्तों को बांधने के बाद घर का दरवाजा खोला।

## USA से आया KC-135 स्ट्रैटो टैंकर

*भारतीय वायुसेना को मिला बड़ा बल, हवा में रिफ्यूलिंग होगी और आसान*

**एजेंसी । नई दिल्ली**



वेट लीज पर मिला रिफ्यूलर

भारतीय वायुसेना की हवाई क्षमताओं में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी करते हुए अमेरिका से लीज पर लिया गया बोइंग KC-135 स्ट्रैटोटैंकर शुक्रवार सुबह आगरा एयरबेस पहुंच गया। यह वही उन्नत रिफ्यूलिंग विमान है जिसका उपयोग दशकों से अमेरिकी वायुसेना करती आ रही है। विमान को वेट लीज आधार पर लिया गया है, यानी इसके संचालन, उड़ान और रखरखाव की जिम्मेदारी अमेरिकी कंपनी मेट्रिया मैनेजमेंट के पायलट और तकनीकी दल के पास होगी। भारतीय वायुसेना और नौसेना के पायलट इसी टैंकर की मदद से एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे।

### आधुनिक क्षमताओं से लैस KC-135


KC-135 स्ट्रैटोटैंकर 60 वर्षों से अमेरिकी वायुसेना की रीढ़ रहा है। इसमें लगा फ्लाइंग बूम सिस्टम एक साथ तेज़ और सुरक्षित रिफ्यूलिंग की सुविधा देता है। आवश्यकता पड़ने पर इसमें मल्टीपॉइंट रिफ्यूलिंग सिस्टम भी फिट किया जा सकता है, जिससे दो लड़ाकू विमानों को एक साथ हवा में ईंधन दिया जा सके।

### भारत के लिए रणनीतिक बढ़त

चीन के साथ LAC पर तनाव और बढ़ती ऑपरेशनल जरूरतों के बीच यह टैंकर भारतीय वायुसेना को लंबी दूरी के मिशन, समुद्री निगरानी, और हाई-एंड ऑपरेशंस को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद करेगा। KC-135 की तैनाती से वायुसेना और नौसेना दोनों को अपनी उड़ान सीमा बढ़ाने और बिना लैंडिंग लंबी अवधि तक ऑपरेशन जारी रखने की क्षमता मिलेगी। भारत के पास फिलहाल रूस निर्मित छह IL-78 टैंकर ही मौजूद हैं।

## दुबई एयर शो में LCA तेजस क्रैश, पायलट सेफ

- टेकआफ के बाद ही हुआ बेकाबू, कोर्ट आफ इंक्वायरी गठित



**एजेंसी । दुबई/नई दिल्ली**

'दुबई एयर शो 2025' के अंतिम दिन भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस शुक्रवार दोपहर प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बावजूद पायलट सुरक्षित रहा और समय रहते इजेक्ट कर पाया। भारतीय वायुसेना ने घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी गठित कर दी है। स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2 बजे तेजस ने अपनी डेमो फ्लाइट शुरू की। टेकऑफ के कुछ ही क्षण बाद विमान ने नियंत्रण खो दिया और अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे क्षेत्र में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमान ऊंचाई लेने के बाद अचानक नीचे की ओर झुक गया और जोरदार धमाके के साथ जमीन से टकरा गया। विमान पूरी तरह नष्ट हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद दुबई पुलिस, दमकल और नागरिक विमानन प्राधिकरण ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को सील कर दिया। राहत की बात यह रही कि आसपास कोई अन्य विमान या व्यक्ति मौजूद नहीं था।

## लाल चंदन संरक्षण को मिले 39.84 करोड़

- राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने वन विभाग और विविधता बोर्ड की दी रकम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने आंध्र प्रदेश में दुर्लभ लाल चंदन की सुरक्षा और संरक्षा के लिए 39.84 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसमें 38.36 करोड़ रुपये राज्य के वन विभाग को और 1.48 करोड़ रुपये राज्य जैव विविधता बोर्ड को दिए गए। यह राशि एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग (ABS) के तहत देशभर



में अब तक जारी कुल फंड को 110 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंचा देती है। लाल चंदन प्राकृतिक रूप से केवल आंध्र प्रदेश के पूर्वी घाट के सीमित इलाकों में पाया जाता है। जारी फंड से वन विभाग को सुरक्षा उपाय मजबूत करने, स्टाफ की क्षमता बढ़ाने, वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक निगरानी कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

## मस्जिद की खुदाई में मिलीं प्राचीन मूर्तियां

**पुरातत्व विभाग करेगा जांच, सागर जनपद में मस्जिद परिसर की हो रही थी खुदाई**

**एजेंसी । सागर**

मध्य प्रदेश के सागर जिले के बंडा तहसील के पापेट गांव में मस्जिद परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान शुक्रवार को खुदाई में कुछ प्राचीन मूर्तियां मिलने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का दावा है कि इनमें से एक मूर्ति भगवान राम और माता सीता की है। मूर्ति मिलने की खबर फैलते ही हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और पूजन-अर्चना करने लगे।



### पुलिस सुरक्षा में बरामद मूर्तियां

अधिकारियों ने कहा कि मामला संवेदनशील है और सभी मूर्तियों को पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रख लिया गया है। पुरातत्व विभाग की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है, जो यह निर्धारित करेगी कि मूर्तियां कितनी पुरानी हैं और उनका वास्तविक स्वरूप क्या है।

### जांच होने तक निर्माण कार्य रोका गया

एसडीएम नवीन ठाकुर ने बताया कि मस्जिद की जमीन पर निर्माण कार्य जारी था, जिसे अब जांच पूरी होने तक रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि मूर्तियों की वैज्ञानिक जांच के बाद ही कोई निष्कर्ष निकाला जा सकेगा।

## PMFBY जलभराव, जानवरों के नुकसान पर भी फसल बीमा

# केंद्र सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा

**फसल बीमा योजना में शामिल की गईं दो मांगें**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने किसानों की एक महत्वपूर्ण मांग पूरी करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) में बड़े बदलाव का ऐलान किया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि अब फसल बीमा के दायरे में दो ऐसे नुकसान भी शामिल कर दिए गए हैं।



### जंगली जानवरों से क्षति पर मुआवज़ा

मंत्री ने कहा कि जंगली जानवरों द्वारा फसलें नष्ट किए जाने पर भी अब किसानों को बीमा दावा मिलेगा। कई राज्यों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वन्यजीवों के हमलों से उपज चौपट हो जाती है, लेकिन यह नुकसान अब तक बीमा के तहत नहीं गिना जाता था।

### अतिवृष्टि और जलभराव भी दायरे में

चौहान ने बताया कि अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ या जलभराव से होने वाली फसल क्षति को भी योजना में आधिकारिक रूप से शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह दोनों ही नुकसान किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से थे, और सरकार ने इन्हें भी बीमा सुरक्षा में जोड़ दिया है।

### सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी

सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा–"किसानों की पुरानी मांग पूरी" केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पीएम फसल बीमा योजना में अब दो बड़े बदलाव लागू हो रहे हैं, जो किसानों को वास्तविक सुरक्षा प्रदान करेंगे। उनका कहना था कि यह निर्णय किसानों को प्राकृतिक और बाहरी कारणों से होने वाले नुकसान से काफी हद तक राहत देगा।